आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 335 - ● जबलपुर ● रविवार, 08 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## हिंगोली में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में रविवार सुबह 3.6 तीव्रता का हल्का भूकंप महसूस किया गया। अब तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने अपने ट्वीट में कहा, भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किमी की गहराई पर था। झटके सुबह 4.30 बजे महसूस हुए। हिंगोली लातूर जिले के किल्लारी से लगभग 250 किमी दूर स्थित है। बता दें, लातूर में ही 30 सितंबर 1993 को विनाशकारी भूकंप आया था, जिसने लगभग 10,000 लोगों की जान ले ली थी।

## मेट्रो लाइन पर दो ट्रेनों की टक्कर, 1 की मौत, 57 घायल

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी ।** मेक्सिको सिटी, में मेट्रो लाइन 3 पर शनिवार को दो ट्रेनों की टक्कर के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। मेट्रो ट्रेनों के बीच यह हादसा ला रजा और पोट्रेरो स्टेशनों के बीच हुआ। मेक्सिको स्थित समाचार पत्र एल यूनिवर्सल के अनुसार, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, क्लाउडिया शीनबाम ने अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों और ट्रेन की टक्कर में मरने वाली युवती के परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।

# हमारा रिश्ता तो खून का, पासपोर्ट का नहीं प्रवासी भारतीयों से बोले, एस. जयशंकर



**इंदौर,यशभारत।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिये... से हुई है। विशेष यह कि जी-20 समूह के 20 देशों के कलाकारों द्वारा यह भजन अपनी-अपनी भाषा

### वैष्णव जन तो तेने कहिये... से 17 वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन का शुभारंभ

में प्रस्तुत किया गया। देश के युवा और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने युवा प्रवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि पासपोर्ट का रंग कोई भी हो हमारा खून एक ही है। उन्होंने युवा प्रवासियों को सराफा चौपाटी जाने का आग्रह भी किया। अमृतकाल में देश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रवासियों को निवेश, आयडिया एक्सचेंज के लिए आमंत्रित किया।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा आप हमारे दिल के टुकड़े हैं। शिवराज सिंह ने नवाचार के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। न्यूटन का उदाहरण और सेब के पे? का किस्सा सुनाकर कहा कि जो दिमाग में विचार आये उसे जमीन पर उतरना ही नवाचार है। उन्होंने कहा कि सराफा के साथ 56 दुकान भी जरूर जाएं।भारतीय प्रवासी सम्मेलन में आए प्रवासी मेहमानों का स्वागत करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हमारा तो खून का रिश्ता है, पासपोर्ट का नहीं। 12 लाख प्रवासी भारतीय हैं। भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। दूर रहकर भी बड़ा जुड़ाव रखते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ सराफा बाजार ही नहीं जाएं, छप्पन दुकान को भी देखें। इन दिनों हम एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है की सही दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए देश और विदेश में भारतीय युवा चुनौती का सामना करेंगे और इस देश को अधिक से अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद करेंगे।विदेश मंत्री ने कहा कि कहा कोविड के बाद से एनआरआई समाज बेहद गंभीर दौर से गुजरा है। इसको भारत सरकार ने बारीकी से समझा है। आपको जानकार खुशी होगी कि भारत ने कोविड की चुनौतियों का बेहद मुस्तैदी से सामना किया। भारतीय युवा सभी चुनौतियों का स्वीकार करके देश और विदेश में नए आयाम तय कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने भारत सरकार की कई योजनाओं

### प्रवासी भारतीयों से बोले अनुराग ठाकुर और शिवराज, 'सराफा और 56 जरूर जाना'

का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर संवाद कायम किया है। वीजा प्रक्रिया की जटिलताएं दूर कर सरल बनाया है। भारत का फोकस सारे देशों से मजबूत संबंध स्थापित करने का है और इसके अच्छे नतीजे देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को अपने पूर्वजों की माटी से जोड़ने के लिए भारत सरकार कई कार्य कर रही है। प्रवासी भारतीयों के बच्चे भारत को जानें, इस पर भी फोकस है। भारत हमारी आखों के सामने तेजी से बदल रहा है।



# बालाकोट एनकाउंटर में 2 आतंकी ढेर

### हिंदुओं की हत्या के बाद जम्मू कश्मीर में बड़ी कार्रवाई

**बालाकोट,ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के बालाकोट में रविवार सुबह सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया। इस दौरान सेना को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दो आतंकियों को मार गिराया गया है। भारतीय सेना ने यह कार्रवाई शनिवार देर रात को शुरू की। सेना को इलाके में संदिग्ध गतिविधि होना नजर आया। बॉर्डर पर इलाके को चारों तरफ से घेरकर आतंकियों को आवाज लगाकर सरेंडर करने को कहा गया, इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग के बाद सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया।

दोनों आतंकियों को सीमा बाड़ पर तैनात सतर्क सैनिकों ने मारा है। बताया जा रहा है कि बीजी सेक्टर में बालाकोट के डेरी डब्सी इलाके में नियंत्रण रेखा के एक अग्रिम स्थान पर कुछ संदिग्ध हलचल देखी गई।रक्षा सूत्र ने बताया कि शाम करीब 7.50 बजे, पुंछ में एलओसी के बालाकोट सेक्टर में 19 मद्रास की 638 चौकी के पास संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सेना ने करीब 5 मिनट तक गोलाबारी की। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और अभियान जारी है।दो आतंकियों को मारा जाना सेना के लिए बड़ी सफलता है क्योंकि यह कार्रवाई हाल ही में हिंदुओं की हत्याओं के बाद हुई है। 24 घंटे के अंदर छह हिंदुओं की हत्याओं से इलाके में आक्रोश है। हिंदू संगठन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पिछले रविवार को एक हिंदू परिवार के घरों में बंदूकधारियों के घुसने से पांच नागरिकों की मौत हो गई थी। एक दिन बाद, उन्हीं घरों के पास हुए विस्फोट में एक बच्चे की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

### 18 लोग हिरासत में लिए गए

राजौरी में हुए आतंकी हमले मामले में पूछताछ के लिए पुलिस ने 18 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। राजौरी के स्स्कमोहम्मद असलम ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, रविवार को 1 जनवरी की शाम को हुई फायरिंग में घायल एक और युवक प्रिंस शर्मा की मौत हो गई। इसके बाद मरने वालों का संख्या 7 पहुंच गई है। इनमें 2 बच्चियां भी शामिल हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के डांगरी गांव में हुए आतंकी हमले के आरोपियों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है। जांच सही दिशा में चल रही है। जल्द ही इस हमले की गुत्थी सुलझ जाएगी। जांच और पूछताछ में हमें कुछ अहम सुराग मिले हैं।

# दिल्ली पुलिस पर अफ्रीकियों की भीड़ का हमला



### 3 साथियों की गिरफ्तारी पर भड़के, पुलिस टीम को घेरा फायदा उठाकर आरोपी भागे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार को पुलिस पर अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। ये लोग अपने 3 साथियों के पकड़े जाने से नाराज थे। 100 से ज्यादा लोगों ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। इसका फायदा उठाकर 3 आरोपी भाग गए।रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स टीम नेब सराय के राजू पार्क में उन विदेशियों को पकड़ने गई थी, जो वीजा एक्सपायर होने के बावजूद भारत में रह रहे थे। शनिवार दोपहर 2÷30 बजे पुलिस ने 3 नाईजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इसी दौरान 100 से ज्यादा अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। पकड़े गए आरोपी झगड़े का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि, एक आरोपी फिलिप (22) को पुलिस ने दोबारा पकड़ लिया। इस घटना के बाद शनिवार शाम 6÷30 बजे एक जॉइंट टीम दोबारा राजू पार्क गई। यहां से टीम ने 4 नाईजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इनमें एक महिला भी शामिल थी। इसके बाद फिर से अफ्रीकियों की भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। इस बार उनकी संख्या 150-200 के बीच थी। इन लोगों ने आरोपियों को भागने में मदद करने की कोशिश की, लेकिन इस बार पुलिस टीम सतर्क थी।



# मप्र में फ्रॉस्टबाइट का खतरा बढ़ा

## ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में कड़ाके की सर्दी, पचमढ़ी में जमी बर्फ

**भोपाल,यशभारत।** आधे मध्यप्रदेश यानि ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड, बघेलखंड और महाकौशल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया है। ठंड के साथ ही पाले की मार शुरू हो गई है। इससे जहां फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। वहीं, अब लोगों में फ्रॉस्टबाइट का खतरा भी ब? गया है। फ्रॉस्टबाइट एक संभावित स्थाई स्थिति है, जो तब होती है, जब शरीर के ऊतक (जैसे हाथ और पैर की उंगलियां, कान) ठंडे मौसम या ठंडे पानी के संपर्क में आने से घायल हो जाते हैं। सर्दियों के दौरान ठंडी हवाओं और अधिक ऊंचाई पर शीतदंश (फ्रॉस्टबाइट) की आशंका ज्यादा होती है। यह तब भी हो सकता है, जब स्किन ढंकी हुई हो। शीतलहर के चलते नर्मदापुरम जिला कंपकंपा रहा है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। पचमढ़ी में 7 जनवरी की रात सीजन की सबसे सर्द रात रही।

# उर्फी के कपड़ों पर आमने-सामने आए BJP-NCP

**मुंबई, एजेंसी।** कुछ दिन पहले बीजेपी महिला विंग अध्यक्ष चित्रा वाघ ने जावेद के कपड़ों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। वाघ ने राज्य महिला आयोग से इस मामले को उठाने और उर्फी को अश्लील कपड़े पहनने के लिए फटकार लगाने की अपील की थी।अब इस मामले पर राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भाजपा द्वारा महिलाओं पर हो रही बयानबाजी को तुरंत रोकने कहा है।सुप्रिया ने पिछले कुछ हफ्तों से उर्फी जावेद के अजीब-ओ-गरीब और अश्लील कपड़े पहनने पर चल रही राजनीति के बीच ये बयान दिया। सुले ने कहा, जब आप किसी महिला को निशाना बनाते हैं तो यह मत भूलिए कि वह किसी की बेटी है या बच्चा। ऐसी बात बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इसे रुकना चाहिए।



## सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने की महाकाल की पूजा

**उज्जैन,यशभारत।** सूरीनाम के राष्टपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी अपनी पत्नी के साथ उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के साथ श्री महाकाल महालोक के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ डेलीगेट भी मौजूद रहे।

# जोशीमठ के 55 परिवारों का रेस्क्यू

### सीएम धामी के सामने बिलखकर रोए लोग महिलाएं बोलीं- आंखों के सामने हमारी दुनिया उजड़ रही



**जोशीमठ ईएमएस।** जोशीमठ धंस रहा है। शहर के मकानों में दरारें आ रही हैं। लोगों के सामने उनका घर-संसार बचाने की चेतावनी है। यहां के लोगों का दर्द उस समय सामने आया जब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ पहुंचे। लोग उनके सामने बिलखकर रोने लगे। महिलाओंने उन्हें घेर लिया। वे बोलीं- हमारी आंखों के सामने ही हमारी दुनिया उजड़ रही है, इसे बचा लीजिए। हमें अपने घरों में रहने में डर लग रहा है। मुख्यमंत्री के सामने अपना दर्द बयां करने के लिए लोग इतने बेकाबू हो रहे थे कि सुरक्षाकर्मियों के लिए उन्हें संभालना भी मुश्किल हो रहा था। ष्टरूधामी ने प्रभावितों से कहा- उत्तराखंड सरकार हर मुश्किल में उनके साथ खड़ी है। धामी ने जोशीमठ में डेंजर जोन वाले इलाकों में बने मकानों को तुरंत खाली कराने को कहा। इधर, चमोली जिला प्रशासन ने बताया- जोशीमठ के 9 वार्डों के 603 भवनों में अब तक दरारें आई हैं। 55 परिवारों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सुप्रीम कोर्ट में क्कढ्ढरु दाखिल की है। उन्होंने कहा- पिछले एक साल से जमीन धंसने के संकेत मिल रहे थे। सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया गया।



# गजब ! 1475 किलो बैंगन बेचने पहुंचे किसान को खुद की जेब से देने पड़ गए 121 रुपये

### मांग ज्यादा होने के बाद भी गिर रहे हैं दाम

**नई दिल्ली,ईएमएस।** किसान कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहा है। इन दिनों किसानों को दोहरी मार पड़ रही है। एक तो बाजार में सब्जियों के भाव नहीं मिल रहे हैं। सब्जी बेचने में भी कई तरह की परेशानियां आ रही हैं। अभी हाल ही में एक नया मामला सामने आया है। इसमें बैंगन बेचने पहुंचे किसान को मुनाफा होने की जगह अपनी जेब से ही रुपये भरने पड़ गए हैं। किसानों का कहना है कि मांग से कम सब्जी होने के बावजूद उन्हें भाव नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि सब्जियों के भाव मंडी में डिस्प्ले होने चाहिए। किसानों का आरोप है कि मांग के बावजूद भी सब्जियों के दाम पिछले एक से डेढ़ माह से कम होते जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं क्या है मामला। मामला छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का है। महासमुंद के एक किसान ने 1485 किलो बैंगन बेचने के लिए थोक सब्जी मंडी रायपुर भेजा। पूरा बैंगन 2475 रुपये में बिका। सब्जी व्यापारी ने 2200 रुपये भाड़ा, 198 रुपये हमाली और 198 रुपये कमीशन के साथ कुल 2596 रुपये का बिल काटकर किसान को थमा दिया। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में मांग से ज्यादा सब्जियों की आपूर्ति होने से रेट नहीं मिल रहा है। वहीं ऊपर से मौसम की मार ने किसानों की हालत पस्त कर दी है। दुर्ग, रायनांदगांव, रायपुर से लेकर बस्तर तक के सब्जी उत्पादक अपनी उपज की लागत तक नहीं निकल पाने से परेशान हैं। दुर्ग में कई किसानों ने अपने खेतों में ही टमाटर की फसल फेंक दी है।किसानों का कहना है कि इस बार सब्जियों के दामों में एक नई चीज देखने को मिली है। मांग के लगातार बढ़ने और आपूर्ति कम होने के बाद भी ताजी सब्जियों के दाम माह-डेढ़ माह से कम होते जा रहे हैं। अब हालत ये है कि किसानों को सब्जी बेचने के बाद माइनस में बिल भरना पड़ रहा है। किसानों के लिए राहत के उपाय नहीं किए गए तो हालत और खराब होगी। लगातार आसमान में बादल छाए हुए हैं। इसके चलते टमाटर के फल जल्दी पक कर तैयार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में इन दिनों टमाटर की आवक पहले की तुलना में बढ़ गई है। मंडियों में खरीदार नहीं मिलने से किसान प्रोसेसिंग प्लांट को देने के लिए पके हुए टमाटर को तोड़कर कैरेट में रख रहे हैं। लेकिन वहां से भी गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाने से टमाटर रखे-रखे खराब हो रहे हैं। अब हाल ये है कि कई किसानों ने टमाटर को खेतों में फेंक दिया है। ग्राम जाताधर्रा के किसान मोहन यादव ने बताया कि 1000 कैरेट टमाटर तोड़कर रखे हुए हैं। इन टमाटर को अगर खुद की गाड़ी से लेकर जाते हैं तो प्लांट में 3 दिन तक गाड़ियां खड़ी रहने से भाड़े का पैसा नहीं मिल पा रहा है। वहीं फूलगोभी और पत्तागोभी की भी कीमत नहीं मिलने पर कई किसान खड़ी फसल को जोतकर उखाड़ रहे हैं।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग





# नंदीग्राम की एक शाम भरत की लीला का मंचन



**जबलपुर, यशभारत।** मानस भवन में आयोजित तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस में नंदीग्राम की एक शाम में डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता ने भरत की लीला का मंचन करते हुए माता कैकई से कहा कि च्च्कपट करके महारानी बना जा सकता है पर जननी नहीं च्च्एकल अभिनय को मानस भवन में उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा तथा सभी ने डॉक्टर गुमास्ता के एक नए रूप को देखा सभी ने मुक्त कंठ से डॉक्टर गुमास्ता को बधाइयां दी

## इंडो श्रीलंका मार्ग पर बैठक

इंडो श्रीलंका मार्ग पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्कृति मंत्री श्रीलंका श्री विजय विक्रमनायके, श्री बाला एवं पर्यटन विकास निगम मध्य प्रदेश के राज्यमंत्री पं. विनोद गोटिया जी ने भाग लिया। श्रीलंका के संस्कृति मंत्री जी ने इस मार्ग को समग्र रूप से भारत और श्रीलंका से जुड़े हुए माना। उन्होंने बताया कि श्रीलंका में राम वन गमन यात्रा के मार्ग को चिन्हित करना है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सबसे ज्यादा राम और सीता के प्रमाण श्रीलंका में रावण के साथ ही मिलेंगे। पं. विनोद गोटिया जी ने सुझाव दिया कि यदि श्रीलंका सरकार की तरफ से प्रस्ताव आए, तो दोनों देश इस संबंध में मिलकर कार्य कर सकते हैं। इसमें संस्कृति पर्यटन एवं समृद्धि तीनों की प्राप्ति होगी। श्री बाला ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि से लेकर आज के समय के लेखक जैसे कि डॉ अखिलेश गुमास्ता जी के मन में रामायण को लिखने के प्रति क्या भाव होते हैं मुख्यतः राम के राजनैतिक, भौगोलिक ज्ञान विज्ञान, समाजशास्त्र पर किए गए कार्य बताएं। पहले श्रीलंका भी भारत का ही एक अंग हुआ करता था तेलुगु के शब्दकोश में इसके प्रमाण मिलते हैं।

## प्रवचन से हुए भावविभोर

शाम को रामायण में पुष्टिमार्ग पर एक सत्र रखा गया। इसमें पूज्य गोस्वामी अभरन बाबा अहमदाबाद, पंडित श्री कृष्ण कांत चतुर्वेदी एवं श्री किटी पाँग थाईलैंड ने अपने प्रवचन रामायण के संबंध में दिए। जिसे सुर श्रोता भाव विभोर हो उठे। वहीं मंडला जिले के सीतारपटन गांव से आए वनवासी बंधुओं द्वारा सतत संगीतमय रामधुन की प्रस्तुति तृतीय वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में जारी है। यह दर्शकों के आकर्षण का केंद्र है। इसमें देश-विदेश से आए हुए प्रतिभागी सम्मिलित होकर और रामधुन गाकर, नृत्य कर राम नाम का आनंद ले रहे हैं।

## थिएटर ऑफ थाईलैंड की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शाम को थिएटर ऑफ थाईलैंड की प्रस्तुति प्रोफेसर नारी रथ द्वारा की गई, जिसे दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की। इसके उपरांत श्री रामलीला समिति गढ़ा द्वारा नंदीग्राम की एक शाम की एकल प्रस्तुति डॉ अखिलेश गुमास्ता द्वारा की गई, जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। 7ः30 बजे कुमारी सुर्या गायत्री कालीकट की भजन संध्या आयोजित की गई। उनकी भक्ति भावपूर्ण प्रस्तुति ने संपूर्ण मानस भवन को भक्तिमय कर दिया। रात्रि में ग?ा रामलीला समिति के श्री मोती शिवहरे द्वारा होली खेले रघुवीरा पर शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को आनंदित कर दिया।

## चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र

तृतीय विश्व रामायण सम्मेलन स्थल पर लगी चित्र प्रदर्शनी में ललित कला केंद्र एवं आकृति इंस्टीट्यूट के छात्र सौरभ, यशपाल, रश्मि कूरील सहित 20 से 25 छात्र छात्राएं रामायण के पात्रों और प्रसंगों पर लगातार लाइव पेंटिंग्स कर रहे हैं, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण है।

## मिला सम्मान

तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता के लिए आयोजित सुंदरकांड पाठ के लिए प्रभारी पं. विनोद दुबे को चंडीगढ़ से पधारीं साध्वी अमृता दीदी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अलका विश्नोई द्वारा मानस भवन में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।स्व.कस्तूरचंद जैन की च्च्सरल जैन रामायणज्ज के नये संसकरण का विमोचन हुआ।

## तृतीय वर्ल्ड रामायाण कान्फ्रेंस में रिटायर्ड मेयर जनरल जीडी बख्शी ने रखे विचार

यह भारतीय संस्कृति की ताकत ही है कि विश्व के कोने-कोने में भगवान बुद्ध की प्रतिमाएँ मौजूद हैं। उक्त विचार रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी ने मानस भवन में आयोजित तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस के दूसरे दिन प्राइम सेशन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम पूरे विश्व के लिए आदर्श हैं। इसके पहले प्राइम सेशन में पूर्व संस्कृति सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव जी ने जौं रघुबीर होति सुधि पाई करते नहीं विलंबु रघुराई पर व्याख्यान दिया। इसके बाद घनश्याम शर्मा ने संबोधित किया। सुबह प्लेनरी सत्र में प्रोफेसर बलराम सिंह अमेरिका के द्वारा व्याख्यान दिया गया। इसके बाद श्री शांतनु गुप्ता नई दिल्ली ने रामायण स्कूल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रोफेसर शिवानी शर्मा पंजाब ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत कया। प्लेनरी सेशन- 6 में डॉ राघवेंद्र गुमास्ता भोपाल के द्वारा आध्यात्म के अनुवांशिक सिद्धांत पर व्याख्यान दिया। डॉ एसपी गौतम ने राम ब्रह्मा परमारथ रूपा की वैज्ञानिक व्याख्या पर विचार रखे। आयोजन के दौरान श्री पंकज गौर जी ने वार एंड द सॉफ्ट पावर ऑफ रामायण पर व्याख्यान दिया। वहीं अंजलि खरे भोपाल जी के द्वारा त्रेता युग में आहार के सिद्धांतों की व्याख्या की गई।।

# 15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**जबलपुर, यशभारत।** सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है. देश के अलग-अलग राज्यों में मकर संक्रांति को कई नामों से जाना जाता है, जैसे उत्तरायण, पोंगल, खिचड़ी, आदि. वैसे तो मकर संक्रांति हर साल 14 जनवरी को ही आती है, लेकिन इस वर्ष 14 नहीं बल्कि 15 जनवरी को मनाया जाएगा. इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे. मकर संक्रांति को उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इसके बाद से सूर्य उत्तर दिशा में गमन करते हैं. पंचांग के अनुसार, 14 जनवरी को सूर्य देव रात 8 बजकर 14 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे. इसी वजह से लोगों में इसकी तारीख को लेकर कन्फ्यूजन है. दरअसल रात्रि प्रहर में स्नान, दान-धर्म के कार्य वर्जित होते हैं, इसलिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाना सही नहीं है. उदिया तिथि के चलते अगले दिन यानी 15 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पर्व मनाएं. ।मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त घर का पंडित अरुणोदय पंचांग के रचयिता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने बताया कि 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर सुबह 07 बजकर 15 मिनट से लेकर शाम 05 बजकर 46 मिनट तक पुण्यकाल रहेगा. इस अवधि में स्नान, दान-धर्म के कार्य बहुत ही शुभ माने जाते हैं. चूंकि मकर संक्रांति का पर्व रविवार के दिन पड़ रहा है तो इससे त्योहार का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है, क्योंकि यह वार सूर्य देव को ही समर्पित है. इसके अलावा, इस दिन दोपहर 12 बजकर 09 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा और दोपहर 02 बजकर 16 मिनट से लेकर दोपहर 02 बजकर 58 मिनट तक विजय मुहूर्त रहेगा. मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं या फिर घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेते हैं. उसके बाद सूर्य देव की पूजा करते हैं. स्नान और पूजा के बाद मकर संक्रांति का दान करते हैं. इस दिन दान करने से कई गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है.



## खिचड़ी के बिना अधूरा है मकर संक्रांति का त्योहार

मकर संक्रांति के पर्व में खिचड़ी खाने और दान करने का विशेष महत्व है. ऐसे में इस त्योहार का एक नाम खिचड़ी भी है. मान्यता है कि खिचड़ी के बिना ये त्योहार अधूरा माना जाता है. शास्त्रों में खिचड़ी को नवग्रह का प्रसाद माना जाता. मकर संक्रांति के दिन इसका उपयोग करने पर जीवन में तमाम तरह के दोष दूर होते हैं. मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ , दही चूड़ा के अलावा खिचड़ी खाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है. शास्त्रों के अनुसार खिचड़ी में मिलाए जाने वाले जैसे चावल, काली दाल, हल्दी, हरी सब्जियां आदि पदार्थ का अलग-अलग ग्रहों संबंध है. खिचड़ी के चावल चंद्रमा और शुक्र ग्रह की शांति के लिए बहुत लाभकारी है. वहीं काली दाल के सेवन और दान से शनि, राहू-केतु के दुष्प्रभाव समाप्त होते हैं. हल्दी का संबंध बृहस्पति से है. खिचड़ी में घी का संबंध सूर्य से है. खिचड़ी के साथ गुड़ खाने का भी विधान है जिसका संबंध मंगल से है. वहीं हरि सब्जियों का संबंध बुध से है. मकर संक्रांति पर खिचड़ी के उपयोग से नवग्रह की कृपा प्राप्त होती है साथ ही आरोग्य का वरदान मिलता है. मकर संक्रांति पर खिचड़ी का दान करने से हर कार्य में सफलता मिलती है. मकर संक्रांति पर दान करने से सूर्य, शनि समेत 6 ग्रहों से जुड़े दोष दूर होते हैं. ये सभी ग्रह शुभ फल प्रदान करते हैं. मकर संक्रांति के अवसर पर हर व्यक्ति को स्नान बाद तिल का दान करना चाहिए. हो सके तो इस दिन आप काले तिल का दान करें. यदि काला तिल नहीं है तो सफेद तिल ही दान करें. ऐसा करने से सूर्य देव की कृपा से धन और धान्य बढ़ता है और शनि दोष भी दूर होता है.।

## गुड़ का दान

मकर संक्रांति के दिन गुड़ का दान अवश्य करें. इस एक दान से आपके तीन ग्रहों सूर्य, गुरु और शनि के दोष दूर होते हैं.

## कंबल का दान

मकर संक्रांति के अवसर पर पूजा के बाद गरीबों को कंबल और गर्म कपड़ों का दान अपनी क्षमता के अनुसार करना चाहिए. यदि आप ऐसा करते हैं तो आपकी कुंडली में राहु ग्रह से जुड़े दोष दूर होंगे और उसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे।

## चावल का दान

मकर संक्रांति पर यदि आप चावल का दान करते हैं तो चावल चंद्रमा का प्रतीक है. इससे चंद्रमा मजूबत होता है और जीवन में सुख और समृद्धि बढ़ती है. चावल दान से चंद्र दोष भी दूर होता है. यदि आप मकर संक्रांति पर चावल, खिचड़ी, गुड़, काला तिल और कंबल का दान करते हैं तो सूर्य, शनि, बुध, गुरु, चंद्रमा और राहु ग्रह से जुड़े दोष दूर होंगे और भाग्य मजबूत होगा. इन वस्तुओं के अलावा आप अपनी राशि के अनुसार भी वस्तुओं का दान कर सकते हैं।

## काली उड़द, हरी मूंग और चावल की खिचड़ी का दान

मकर संक्रांति के दिन आप काली उड़द, हरी मूंग और चावल से बनी हुई खिचड़ी का दान करते हैं तो शनि, गुरु और बुध ग्रह से जुड़े दोष दूर होंगे. ?काली उड़द का संबंध शनि और हरी मूंग का संबंध बुध ग्रह से है. खिचड़ी में आप हल्दी का उपयोग करते हैं, जो गुरु ग्रह से संबंधित है. इन सभी ग्रहों के दोषों के दूर होने से आपका भाग्य प्रबल होता है. कार्यों में सफलता प्राप्ति की संभावना बढ़ जाती है।

# संगोष्ठी से आती है समाज में जागरूकता



**जबलपुर, यशभारत।** मानस सत्संग परिवार बेलखेड़ा माकनपुर द्वारा ग्राम पंचायत सुनाचार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक राकेश पटेल का शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया उन्होंने कहा ऐसा आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए जिससे समाज एवं परिवार में जागरूकता आती है आयोजक बसंत पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्संग परिवार का आभार व्यक्त किया।

# स्टेमफील्ड इंटरनेशन स्कूल विजय नगर में एक दिवसीय एक्स्ट्रामार्क्स यूथ फुटबॉल चैंपियनशिप

**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशन स्कूल विजय नगर में कृत्रिम घास के मैदान पर एक दिवसीय एक्स्ट्रामार्क्स यूथ फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन आर्सेनल एफसी के साथ साझेदारी में, पहली बार अंतर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें नगर के तीन स्कूली टीमों आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2, सेंट ग्रेबियल रांझी और सेंट अलायसियस पोलीपाथर की टीमों ने शिरकत की। स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल ने बताया कि आर्सेनल फुटबॉल क्लब का आधिकारिक लर्निंग पार्टनर एक्स्ट्रामार्क्स, आर्सेनल फुटबाल के साथ साझेदारी में, नए जमाने के ग्राल लर्निंग साकनेस का अग्रणी वैश्विक प्रदाता क्लब यूथ फुटहैट चैंपियनशिप, इंडियाफायर इंटरस्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू करने की तैयारी में है। 15 साल से कम उम्र के स्कूली छात्रों के लिए एक तरह की इंटरचॉफ प्रतियोगिता है, जो 35+ में खेली जाएगी। 4 टीमों को पर्सनल स्न्नष्ट, श्वठ्ठ1ड्डह्यद्गह्य के पुराने घरेलू मैदान में ओप ग्राउंड पाइल के रूप में खेलने का विकल्प मिलेगा। कंपनी पूरे देश के स्कूलों और छात्रों से भागीदारी करती है ताकि एक मेगा स्पोर्टिंग इवेंट में खेलने के सही अवसर मिल सके। प्रतियोगिता - 15 ग्रिस और लड़कों और मैचों में 35 फिल्मों में घटिया चरणों में होगी। फाइनलिस्ट को आइकॉनिक अमीरात स्टैड का रीमैच खेलने के लिए एक बार इंड खाली मिलेगा यूथ फुटबॉल चैंपियनशिप का व्यापक लक्ष्य एक आकर्षक खेल होने के लिए खेल में खेल के समग्र विकास में खेल के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक्स्ट्रामैरिस मिशन को आगे बढ़ाना है।



# पूर्व विधानसभा विधायक घनघोरिया ने मेडिकल में हो रही नियम विरुद्ध पदोन्नति को रोकने कमिश्नर को लिखा पत्र



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष अजय दुबे ने बताया है कि नेता सुभाष चन्द्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर में हो रही नियम विरुद्ध पदोन्नति को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है जिसके प्रथम चरण उपरांत अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा गोल-मोल जबाबीपत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें किसी भी न्यायोचित मांगों का निराकरण नही किया गया न ही स्पष्ट रूप से अस्वस्थ्य किया गया जिससे संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा साथ ही जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौपा जावेगा जिसके तहत आज जबलपुर के पूर्व विधानसभा विधायक (पूर्व कैबिनेट मंत्री) माननीय लखन घंघोरिया को ज्ञापन सौपा गया। माननीय घंघोरिया द्वारा संघ प्रतिनिधियों का अस्वथ्य किया गया एवं जबलपुर कमिश्नर महोदय को पत्र लिखकर निराकरण करने की पहल की गई। इस दौरान सघं के कार्यकारी संभागयी अध्यक्ष विपिन पीपरे, संभागीय सचिव, प्रमोद कुमार, स्वास्थ्य समिति जिलाध्यक्ष रवीन्द्र राय, कमल मुगदल, ओमकार पनगरहा सुनील पाठक आदि उपस्थित रहें।

# रामभुवन अध्यक्ष और नितेश महामंत्री मनोनीत

## व्हीएफजे वर्कर्स यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित





**जबलपुर यशभारत।** वर्कर्स यूनियन के संगठनात्मक विस्तार एवं नई कार्यकारणी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी।जिसमें यूनियन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रामभुवन पटेल*श को अध्यक्ष और लगातार 5 बार कार्य समिति चुनाव जीतते आ रहे नितेश सिंह को पुनः महामंत्री नियुक्त किया गया है । यूनियन के नवनियुक्त हुए सभी पदाधिकारियों ने निर्माणी एवं कर्मचारी हित में कार्य करने का संकल्प लिया । उक्त मनोनयन पर एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक और महा सचिव सी श्री कुमार ने बधाई दी है।इस मौके पर एआईडीईएफ के कार्यकारिणी सदस्य अमरीश सिंह वीरेंद्र साहू ईश्वर भारद्वाज राजेश मिश्रा असीम दुबे एजा?अहमद मनीष विश्वकर्मा सहित अनेक साथी उपस्थित थे।



























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# बाइक सवारों को ऑटो ने मारी टक्कर, एक मृत, दो घायल

## गोरखपुर के नर्मदा रोड पर घटना घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती





**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के नर्मदा रोड चर्च गेट के सामने एक बेलगाम ऑटो ने बाइक सवार 3 युवकों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक सवार हवा में दो फिट उछलकर रोड पर गिरे। इस दौरान बाइक चला रहा युवक का मस्तिष्क बाहर आ गया और खून अधिक बहने से बाइक खून से रंग गयी। हादसे में अन्य दो साथी युवक भी बुरी तरह घायल हो गए। पूरा मामला देर रात का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मामले की पड़ताल जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कृष्णा जाटव 20 साल पिता राजेश जाटव हनुमानताल का निवासी है। जो अपने दो साथियों के साथ घर जा रहा था। तभी गोरखपुर नर्मदा रोड चर्च गेट के पास एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा की दर्दनाक मौत हो गयी तो वहीं अन्य दो साथियों की हालत गंभीर है। आनन फानन में दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने युवक का शव पीएम हेतु भेजते हुए पूरा मामला जांच में लिया है।

### ऑटो हुआ क्षतिग्रस्त, राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

हादसे के दौरान ऑटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे छोड़कर ऑटो चालक फरार बताया जा रहा है। घटना के दौरान राहगीरों ने तत्काल डायल 100 को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# मनियारी दुकान संचालक की बाइक रोककर चाकूबाजी

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के परियट पुल के पास बाइक सवार मनियारी दुकान संचालक और उसके दोस्त के साथ तीन नकाबपोश आरोपियों ने चाकूबाजी कर दी। पहले तो आरोपियों ने आवाज देकर बाइक को रोका और इसके पहले पीड़ित कुछ समझ पाते आरोपियों ने जमकर मारपीट कर, ताबड़तोड़ नुकीले हथियार से हमला कर दिया। जिससे दुकान संचालक घायल हो गया। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच मे लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कार्तिक चंद्रवंशी 28 वर्ष निवासी पनागर ने बताया कि वह चूड़ी कंगन बेचने का काम करता है। देर रात कोतवाली दरहाई के पास चूड़ी कंगन खरीदकर अपने साथी सरल प्रजापति के साथ अपने घर से पनागर जा रहा था। जैसे ही परियट पुल के पास पहुंचे वहां अज्ञात तीन बदमाशों ने आवाज देकर गाड़ी रोकी। जिसके बाद आरोपियों ने किसी नुकीली हथियार से हमला कर दिया। इसी बीच उनका मोबाइल भी गिर गया।

**रंजिशन दिया वारदात को अंजाम**

# सीजन की सबसे सर्द रात में छूटी कंपकंपी

## 10 साल बाद पारा 3.6 पर तक नीचे आया



**जबलपुर, यशभारत।** ठंड का सितम जारी है। शनिवार - रविवार की दरमियानी रात सीजन की सबसे सर्द रात रही। ठंड का असर सुबह तक कायम रहा। शनिवार रात पहली बार न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 10 साल पहले 8 जनवरी 2013 को इसी ठंड पड़ी थी। न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। अब एक बार फिर जनवरी माह में फिर तापमान इतनी नीचे आया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी तीन दिनों तक ऐसी ही ठंड पड़ने की संभावना है।चार से पांच किमी की गति से चल रही उत्तरी बर्फीली हवाओं से वातावरण में ठंडक घुली है। शीतलहर के असर से धूप भी बेअसर साबित हो रही है। ज्यादा देर तक धूप के संपर्क पर रहने पर ठंड से राहत तो मिल रही पर घरों के भीतर गलन भरी ठंड का आभाष हो रहा है। सुबह जरूरी काम से आने-जाने वाले गर्म कपड़े पहन कर निकले। शीतलहर ने लोगों को ठिठुरने विवश कर दिया। ठंड से बचने लोग आग का सहारा लेते भी दिख रहे हैं। उत्तरी बर्फीली हवाओं के असर से तापमान में गिरावट का दौर जारी है। शनिवार को अधिकतम तापमान जहां एक डिग्री की गिरावट के साथ 21.8 डिग्री पर रहा वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम होकर 3.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गत वर्ष की बात करें तो आज के दिन अधिकतम तापमान 23.1 और न्यूनतम 13.8 डिग्री रहा।सर्द सीजन शुरू हुए करीब तीन माह गुजर चुके हैं पर ठंड का असर जनवरी माह में देखने मिल रहा है। इसके पहले भी जनवरी माह ही कड़ाके की ठंड पड़ चुकी है। मौसम विभाग के पिछले 10 वर्षों के आंकड़े पर गौर करें तो जनवरी 2013 से जनवरी 2021 तक न्यूनतम तापमान 4.0 से 5.0 डिग्री के आस-पास रहा। जबकि जनवरी 2022 में तापमान 6.0 रिकार्ड किया गया।

# बाइक सवार दो युवकों को छोटा हाथी ने रौंदा, दोनों की मौत



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा रोड में बेकाबू छोटा हाथी के चालक ने बाइक सवारों को सरेराह रौंद दिया। घटना के दौरान बाइक सवार छोटा हाथी के चक्के में फंस गए थे। जिसमें घटना स्थल पर ही एक युवक ने दम तोड़ दिया तो वहीं दूसरे युवक ने एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, पूरा मामला जांच में लिया है। थाना प्रभारी विजय तिवारी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बाइक सवार जितेन्द्र कोल 23 वर्ष निवासी तिवारीखेड़ा पनागर अपने साथी के साथ घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार छोटा हाथी ने बाइक सवार दोनों युवकों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में साथी युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। तो वहीं जितेन्द्र कोल को जख्मी हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस आरोपी चालक की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

### लाडले का शव देख चीख पड़े परिजन

पुलिस ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही तत्काल परिजनों को सूचित किया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों ने सुनी तो चीख पड़े। जिन्हें पुलिस स्टाफ और अस्पताल कर्मियों ने बमुश्किल सम्हाला। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।

# गोराबाजार में रिटायर्ड रेलवे कर्मी के घर 70 हजार की चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोराबजार में रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर में रखा सोने का कीमती 60 हजार का पेंडेंट और नगदी रुपये गायब हो गए। जिसके बाद थाने पहुंचे पीड़ित ने बताय कि उसे शक है कि उसके घर में सफाई कर्मी महिला ने चोरी की है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि आस्तिक मणीदास 63 वर्ष निवासी मां नर्मदे नगर फेस 1 बिलहरी ने पुलिस को बताया कि वह रेल्वे से सेवानिवृत है । वह एवं उसकी पत्नी कनक प्रिया दास एक होटलसे विवाह समारोह से वापस रात लगभग 12 बजे घर आये थे। पत्नी ने एक सोने का पेण्डल उतार कर टेबल पर रख दिया था और सो गयी थी। यहां किराए के 3 हजार रुपये भी रखे थे। जहां उसके घर में सफाई कर्मी महिला आई और बाद में चली गयी। उसे शक है कि उसने ही चोरी की है।


**सफाई कर्मी महिला पर शक, जांच जारी**



# जिला पंचायत सदस्य ने बदुआ गांव में लगाई चौपाल

**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा विधानसभा के कुंडम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बदुआ में जन समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर द्वारा चौपाल लगाई गई। जिसमे बदुआ बाँध से आ रही जनसमस्याओं, तेंदूपत्ता खरीदी, जैसी समस्याओं पर चर्चा की, जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर ने इन सभी समस्याओं पर जनता से चौपाल में चर्चा की, सरपंच राममिलन वरकड़े चंद्रभान उरमलिया भरत नामदेव , युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित साहू , पूर्व सरपंच, व समाजसेवी उपस्थित हुए तथा अपनी बात रखी।

# मझौली में कार का ताडंव, मोटरसाइकिल सवार दो युवक और महिला को मारी टक्कर



**जबलपुर, यशभारत।** मझौली थाना अंतर्गत धनवाही वेयरहाउस के पास बीती शाम एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़ी एक महिला को भी टक्कर मार दी। तीनों घायलों को को उपचार के लिये जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि दयाल सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी घड़ी चौक के पास विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम लगभग 5 बजे वह अपनी देवबती ग्राम धनवाही से मटर तोड़कर जबलपुर जाने हेतु धनवाही वेयर हाउस के पास रोड किनारे खड़े थे। उसी समय मोटर सायकल में 2 व्यक्ति आये तभी मझौली तरफ से आ रही सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 बीए 4544 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोटर सायकल वालों को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे मोटर सायकल सवार दोनों व्यक्ति गिर गये। कार चालक कार का संतुलन नहीं बनाने के कारण उसकी पत्नी देवबती को टक्कर मार मारते हुये इंद्राना तरफ भाग गया। उसकी पत्नी को हाथ पैर में चोटें आयीं है। मोटर सायकल सवार व्यक्तियों का हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं है। जिनसे नाम पूछने पर अपने नाम राजेश रैकवार उम्र 18 वर्ष निवासी दमोह एवं बहादुर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी जमुनिया रामगढ़ थाना तेजगढ़ जिला दमोह बताये। उसने तीनों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर ले जाकर धनवंतरी नगर में भर्ती कराया है।

# ओपन जिम की टूटी मशीनों में कसरत खतरनाक

**तीन लाख के लगाए गए हैं 21 यूनिट, कबाड़ हो रहीं मशीन**

**जबलपुर, यशभारत।** जीरो मैंटनेंस का दावा करने वाले नगर निगम और स्मार्ट सिटी ने सार्वजनिक स्थलों और गार्डन आदि में ओपन जिम की मशीनें तो लगा दी है लेकिन उसकी हालत दयनीय हो गई है। जिम की मशीनें कबाड़ होने की कगार पर पहुंच रही है। इन मशीनों पर लोगों का वर्जिश करना खतरनाक हो गया है। शहर के गार्डन, मैदानों आदि में ओपन जिम की मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों में लोग कसरत कर सकते हैं। ये सभी मशीनें मैकेनाइज्ड हैं, जिसे बिना किसी प्रशिक्षण के लोग आसानी से चला सकते हैं। जानकारों का कहना है कि सैर करने वाले लोग सैर के साथ इन मशीनों पर वर्जिश कर सेहत बना रहे हैं।

**तीन लाख का एक यूनिट-** नगर निगम और स्मार्ट सिटी के जिम्मेदारों का कहना है कि एक यूनिट स्थापित करने में तीन से पांच लाख की लागत आई है। ये मशीनें जीरो मैंटनेंस की है। खेल मैदानों के पास सभी मशीनें लगाई है। जानकार कहते हैं कि इसमें नगर निगम ने 13 और स्मार्ट सिटी ने 8 जगहों पर ये मशीनें लगाई हैं, जिसमें प्रमुख रूप से एमएलबी, गांधी पार्क, एनएमटी, शीतलपुरी गार्डन, नेहरू गार्डन, विजयनगर आदि हैं।

# पंचम नि:शुल्क शिविर योग शिविर का समापन

**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय योग विभाग द्वारा आयोजित योग शिविरों की श्रृंखला में पंचम नि:शुल्क शिविर योग शिविर का समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग एकेडमी गन फॉर ग्लोरी जबलपुर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. संजय मिश्रा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर मध्य प्रदेश, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोनिका रेचल अग्रवाल, निर्देशक गन फॉर ग्लोरी शूंटिंग एकेडमी जबलपुर, प्रो. भरत कुमार तिवारी योग एवं दर्शन विभागाध्यक्ष एवं मार्गदर्शन गुरुजन डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, डॉ. राकेश गोस्वामी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 10 दिवसीय निऱ्शुल्क योग शिविर में सहभागिता करने वाले प्रशिक्षणार्थियों द्वारा योग का प्रदर्शन व शिविर से संबंधित प्रतिक्रिया व्यक्त की गई, तत्पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों को एवं सभी योग प्रशिक्षकों को गन फॉर ग्लोरी एकेडमी की ओर से मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विभागाध्यक्ष एवं सभी गुरुजनों के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन आशीष रैकवार एवं आभार अनुराग गौतम ने किया। योग प्रशिक्षक आशीष रैकवार, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, अश्विनी रहाटे, विकल्प पाटकर, अनुराग गौतम, विपिन लाड़िया एवं पवन परमार उपस्थित रहे।

# हनुमानताल में युवक फांसी पर झूला

## प्रेम प्रसंग का मामला आया सामने, पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी कैंप में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक रात में खाना खाकर अपने कमरे में सो गया था, जब आज दोपहर तक नहीं उठा तो परिजनों ने दरबाजा खुलवाया,लेकिन वह अंदर से बंद था। जिसके बाद दरबाजा तोड़कर देखा तो युवक फंदे पर झूलता हुआ मिला। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि युवक की मौत प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। जिसको लेकर वह पिछले एक महिने से तनाव में था। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि दीपांशु उर्फ दीपू अहिरवार 20 वर्ष निवासी सिंधी कैंप ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि युवक का किसी से प्रेम प्रसंग था, जिसके बाद वह तनाव में था। अब पूरी पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मलायाली समाज द्वारा क्रिसमस एवं नव वर्ष का कार्यक्रम का आयोजन



**जबलपुर यशभारत।** मलायाली समाज द्वारा क्रिसमस एवं नव वर्ष का कार्यक्रम केरला भवन कटंगा में मनाया गया । जिसमें परंपरागत तरीके से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात केरल के प्रसिद्ध तीरूवातिरा एवं केरोल प्रस्तुति दी गई। जबलपुर गिरिजाघरों संत अन्ड्रयूस मारथोमा चर्च, संत जार्ज आर्थोडोक्स चर्च एवं एमजीएम आर्थोडोक्स चर्च द्वारा क्रिसमस केरोल की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुनील कुमार, रविन्द्रन, मणिकंठन, थोमस जार्ज बी साजन गीता एवं अश्वथी ने मनमोहक मलायालम गीतों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें अद्रा अवनीत, अश्विनी, श्रतिका एवं अनन्या ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में मलायली समाज के अध्यक्ष सोमासुन्द्रन नायर एवं महासचिव सन्नी वर्गीस तथा पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# जिला बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा का शुभारंभ



## शरीर साधकों में जोर आजमाइश

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यलय के प्रेक्षागृह में जिला बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप 2023 का शुभारंभ मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश शरीर सौष्ठव संघ के उपाध्यक्ष शरद अग्निहोत्री की अध्यक्षता डॉ. दीपेश मिश्रा रजिस्ट्रार डॉ. विशाल बन्ने, संचालक शरीरिक शिक्षण विभाग के विशिष्ठ अतिथ्य में हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग संघ नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा कर जनहित में अच्छा कार्यकर रहा है । स्पर्धा में जिले के विभिन्न 26 हेल्थ क्लबों के लगभग 120 बॉडी बिल्डर विभिन्न खिताबों के लिए जोर आजमाईश कर रहे हैं । इस अवसर पर जॉन सत्या, अस्वनी पांडे, उमाकान्त चौकसे, लारेन्स मार्टिन, रिशी चौरसिया, आशीष विश्वकर्मा, विकास मलिक आदि उपस्थित रहे ।

पश्चिम मध्य रेल्वे
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना क्र. डबल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी/2022/11 दिनांक: 02.01.2023
भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ओ.ई.एम या आर.डी.एस.ओ द्वारा आर.एम.पी.यू निर्माता के अनुमोदित स्त्रोत या न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । **कार्य का नाम:** वर्ष 2023-24 मे सी.आर.डवल्यू.एस./ भोपाल के लिए आई.सी.एफ वातानुकूलित (एसी) कोचों (गरीब रथ एसी कोच एवं पावर कार मिला कर) के आर.एम.पी.यू एवं उनके कंट्रोल पैनल की ओवरहालिंग/मरम्मत का कार्य (मात्रा: 180 कोचेस, 360 यूनिट आर.एम.पी.यू.) । **कार्य की लागत रु.:** 3,17,34,989.73, **निविदा फार्म का मूल्य रु.:** 0.00, **धरोहर राशि रु.:** 3,08,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** तेरह माह, **निविदा जमा करने की तिथि:** 03.02.2023, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.02.2023, 15:00 बजे के उपरांत । निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है ।
कृते मुख्य कारखाना प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल
कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

# पीएम मोदी के सपने पूरा करने की दिशा में काम कर रहा है एमपी

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दो दिन तक चले अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन में जल संरक्षण और संचय के साथ उसके उपयोग पर चर्चा हुई। इस दिशा में मध्य प्रदेश ने बड़ा कदम उठाने का साफ सन्देश और संकेत दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान कर दिया है कि राज्य में जल नीति जल्दी बनाई जाएगी। देशभर के जल मंत्रियों का भोपाल में जमावड़ा रहा, जिसमें पानी को लेकर विजन 2047 मंथन हुआ। सभी राज्यों के लिए जल का संरक्षण, संचय, बारिश के पानी के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने राज्य की धरती पर रोकना बड़ी चुनौती है, वहीं उसका दोहन व्यवस्थित से हो, यह भी बड़ा सवाल है। ऐसा इसलिए क्योंकि पेयजल, सिंचाई जल, अपशिष्ट पुनर्चक्रीकरण से प्राप्त जल, औद्योगिक जल, वर्षा जल और भूजल के उपयोग व प्रबंधन के लिए कोई स्पष्ट नीति भी नहीं है।

राज्य के मुख्यमंत्री चौहान ने इस आयोजन के दौरान कहा मध्यप्रदेश में जल-संरक्षण और उसके मितव्ययी उपयोग के लिए संवेदनशीलता के साथ गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सिंचाई क्षमता सात लाख से बढ़ कर 43 लाख हेक्टेयर हो गई है। जल के मितव्ययी उपयोग के लिए पाइप लाइन और स्प्रिंकलर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा



रही है। प्रदेश में वर्ष 2007 में जलाभिषेक अभियान आरंभ किया गया। प्रदेश में नदी पुनर्जीवन के कार्य को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। नर्मदा सेवा यात्रा में नदी के दोनों ओर वृक्षारोपण को अभियान के रूप में लिया गया।

### प्लानिंग में मिलेगी मदद

राज्य में एक तरफ जहां जल संरक्षण और उसकी मितव्ययता को रोकने की दिशा में प्रयासों का मुख्यमंत्री ने हवाला दिया, तो वहीं दूसरी तरफ वादा किया कि राज्य में जल नीति बनाई जाएगी। जानकारों का मानना है कि अगर राज्य में जल नीति बन जाती है तो एक तरफ जहां उन विभागों में सामन्जस्य बनेगा, जिनका वास्ता पानी से होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह माना है कि राज्यों में भी विभिन्न मंत्रालयों जैसे जल मंत्रालय हो, सिंचाई मंत्रालय हो, कृषि मंत्रालय हो, ग्रामीण विकास मंत्रालय हो, पशुपालन का विभाग हो। उसी प्रकार से शहरी विकास मंत्रालय, उसी प्रकार से आपदा प्रबंधन। यानी के सबके बीच लगातार संपर्क और संवाद और क्लियरिटी व विजन होना बहुत आवश्यक है। अगर विभागों को एक दूसरे से जुड़ी जानकारी होगी, उनके पास पूरा डेटा होगा, तो उन्हें अपनी प्लानिंग में भी मदद मिलेगी।

### सरकारी नीतियों से आना होगा बाहर

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा था, हमें पॉलिसी लेवेल पर भी पानी से जुड़ी परेशानियों के समाधान के लिए सरकारी नीतियां और ब्यूरोक्रेटिक प्रक्रियाओं से बाहर आना होगा। हमें समस्या को पहचानने और उसके समाधान को खोजने के लिए टेक्नालजी को, इंडस्ट्री को, और खासकर स्टार्टअप्स को साथ जोड़ना होगा।

### एक महीने के अंदर एमपी सरकार बनाएगी व्यापक जल नीति... शिवराज सिंह चौहान का ऐलान

जानकारों की मानें तो विभागों के बीच आपसी सामन्जस्य के अभाव में कई तरह की समस्याओं का सामना करना होता है। योजना होने में देरी होती है, लागत बढ़ती है और जरुरतमंद वर्ग को लक्ष्य के मुताबिक लाभ नहीं मिलता। मसलन सिंचाई परियोजनाओं को लेकर पहले से समस्याओं के निदान पर ध्यान नहीं दिया जाता,योजना की निविदा जारी कर दी जाती है,



निर्माण कंपनी निविदा के मुताबिक काम शुरू कर देती है और जमीन का अधिगृहण की प्रक्रिया बाद में शुरु होती है। इसके चलते योजना में विलंब होता है तो वही लागत भी बढ़ती है। साथ ही जरुरतमंद को वर्षो बाद इसका लाभ मिल पाता है।

## केंद्र से पद नहीं बढ़ने के कारण 2009 बैच के 11 आइपीएस अधिकारियों की पदोन्नति अटकी

**भोपाल, यशभारत।** केंद्र सरकार से सभी पदों के विरुद्ध पदोन्नति की अनुमति नहीं मिलने के कारण 2009 बैच के 25 आइपीएस अधिकारियों में से सिर्फ 14 ही डीआइजी के पद पर पदोन्नत हो पाए हैं। 11 अधिकारी अभी भी पदोन्नति के इंतजार में हैं। पदोन्नति के पहले प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर रिक्त पदों के विरुद्ध सभी 25 आइपीएस अधिकारियों को पदोन्नत करने की छूट देने की मांग की थी, पर गृह मंत्रालय ने यह कहते हुए साफ मना कर दिया था कि आइपीएस (वेतन) नियम-2016 में छूट देने का कोई प्रविधान नहीं है। अब



बचे हुए अधिकारियों को केंद्र से पद बढ़ने या काडर रिव्यू होने तक इंतजार करना होगा।काडर रिव्यू पिछले वर्ष ही हुआ है, इसलिए इस वर्ष होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में बचे हुए अधिकारियों को पदोन्नत करने के लिए प्रदेश सरकार एक बार फिर केंद्र को पत्र लिख सकती है। 2009 बैच के जिन अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है वह वरिष्ठता क्रम में ऊपर थे। इन पदों पर पदोन्नति के लिए नवंबर 2022 में डीपीसी हुई थी। इसमें जिन 14 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया था। उनमें से चार सीधी भर्ती के थे। तरुण नायक, नवनीत भसीन, अमित सिंह, शशिकांत शुक्ला, संतोष सिंह गौर, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार पांडे, ओमप्रकाश त्रिपाठी, मोनिका शुक्ला, मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार जैन, अवधेश कुमार गोस्वामी, महेशचंद्र जैन, सविता सोहाने शामिल हैं। 2009 बैच के ही रूडोल्प अल्वारेज केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, इसलिए उन्हें प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। मनोज कुमार श्रीवास्तव, डालूराम तेनीवार, अनीता मालवीय, साकेत पांडे, अमित सांघी, टीके विद्यार्थी, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रशांत खरे, अतुल सिंह, मनीष कुमार अग्रवाल की पदोन्नति लटक गई है, क्योंकि केंद्र ने मंजूरी नहीं दी है।



## मप्र में फिर शुरू होगा कड़ाके की ठंड

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में जोरदार ठंड हो रही है। प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट हो रही है। जोरदार सर्दी के कारण राज्य के ज्यादातर जिलों में स्कूलों का समय बदल दिया गया है या फिर छुट्टी घोषित कर दी गई है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौगांव कस्बे में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेशवासियों को फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिलती नहीं दिख रही है। आने वाले दो से तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के अनुसार, राज्य में रविवार से कुछ इलाकों में ठंड से राहत मिल सकती है। क्योंकि एक नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है।मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से एक सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसके असर से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन मकर संक्राति के मौके पर ठंड एक बार फिर से असर पकड़ेगी। कड़ाक की ठंड और कोहरे के कारण ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव जलाकर अपना दिन काट रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग ( आईएमडी ) के पूर्वानुमान में बताया गया है कि राज्य में अगले तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ती रहेगी।

### विभाग ने जारी किया जोरदार सर्दी का अलर्ट

### एक सप्ताह रहेगी ठंड

इस वर्ष नए साल की शुरुआत से ही क?ाके की ठंड कहर बरपा रही है। नौगांव में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात को न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री तो अधिकतम तामपान 13.8 डिग्री दर्ज किया गया। धूप निकलने के बाद ही लोगों को गलन एवं अक? भरी ठंड से कुछ हद तक राहत मिलती है। उत्तर पूर्व से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से लगातार अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। आगामी एक सप्ताह तक कड़ाके की ठंड इसी तरह अपना रौद्र रूप दिखाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 10 जनवरी के बाद एक बार फिर से कड़ाके की ठंडक होगी। 10 जनवरी से एक नया सिस्टम एक्टिव होगा। जिससे हिमालय में बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं, इस सिस्टम के कारण देश के कई जिलों में बारिश हो सकती है। जिसका असर पूरे देश में दिखाई देगा। इसका असर मध्य प्रदेश में भी होगा। यहां बारिश या बादल छाने की संभावना नहीं है, लेकिन कड़ाके की ठंड बढ़ेगी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर हुई कांग्रेस के जिला प्रभारियों और सह प्रभारियों की बैठक !

## कार्यकर्ता जनता से छाती ठोंककर कहें हमारी सरकार बन रही : कमल नाथ



भोपाल यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कांग्रेस के जिला प्रभारियों और सह प्रभारियों की बैठक में कहा कि कार्यकर्ता छाती ठोंककर जनता से कहें कि कांग्रेस की सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रदेशभर से इस तरह का फीडबैक मिल रहा है। बैठक नाथ के आवास पर शनिवार को आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हम मंडलम् और सेक्टर पर पहले से ही काम कर रहे हैं, जल्द ही बूथ प्रभारी और पन्ना प्रभारी की भी नियुक्ति की जाएगी।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मध्य प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। वह कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। कमल नाथ ने कहा कि भाजपा जो घोषणाएं कर रही है, प्रदेश की जनता उनकी हकीकत अच्छी तरह से समझ रही है। अब आपको जनता के बीच जाना है और संगठन को मजबूत करके यह चुनाव जीतना है। उन्होंने प्रभारियों से कहा कि संगठन के हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता को समुचित जिम्मेदारी देने और उनकी क्षमता का अधिक से अधिक उपयोग करने की जिम्मेदारी अब आपकी है। इस दौरान सभी जिला प्रभारियों ने नाथ को अपने-अपने क्षेत्र की रिपोर्ट सौंपी और अपने जिले के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। वहीं अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का संगठन मजबूत है। अब हमें एकजुटता और उत्साह से चुनाव की तैयारी करने की आवश्यकता है। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी सज्जन सिंह वर्मा, चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, अशोक सिंह, राजीव सिंह, विभा पटेल, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, जेपी धनोपिया सहित प्रदेशभर के जिला प्रभारी और जिला सह प्रभारी मौजूद रहे।

## करणी सेना ने भोपाल में दिखाया दम, जंबूरी मैदान पर उमड़ा जनसैलाब

भोपाल यशभारत। । आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग, जातिगत आरक्षण की पुन~समीक्षा और एट्रोसिटी एक्ट के विरोध सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को भेल जंबूरी मैदान पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का महाआंदोलन का आज आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की कुंडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), शेर सिंह राणा, राजेश शेखावत समेत बड़ी संख्या में लोग शनिवार रात से ही पहुंचने लगे थे। वहीं आठ वर्षीय एना बाईसा 400 किलोमीटर रतलाम से पैदल यात्रा करके जंबूरी मैदान पर शनिवार को पहुंचीं। सुबह 11 बजे तक जंबूरी मैदान पर हजारों की संख्या में लोग जमा हो चुके थे। अभी भी मैदान पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला



जारी है। करणी सेना के महाआंदोलन की वजह से भेल के आस-पास की सड़कों पर जाम लग गया। भीड़ बढ़ती देख ट्रैफिक पुलिस ने जंबूरी मैदान की ओर जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। यातायात व्यवस्थित करने ट्रैफिक पुलिस लगातार अनाउंसमेंट कर रही है। इस महाआंदोलन में मप्र सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों दो लाख राजपूत जुटने का दावा है। 21 सूत्रीय मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है।करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि मांगे नहीं मानी तो हम राजनीति में उतरने से भी परहेज नहीं करेंगे। सवर्णो, पिछड़ा वर्ग का साथ भी हमें मिल रहा है।

## अहाते बंद हों, शराब की बोतल पर इसकी बुराइयां लिखें : उमा भारती

**भोपाल ईएमएस।।** प्रदेश की शराब नीति बनने के पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती फिर से मुखर हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर उन्होंने कहा है कि सरकारी स्तर पर प्रदेश की शराब नीति बनना शुरू हो गई है, लेकिन मुझसे परामर्श नहीं किया गया। दो अक्टूबर को प्रदेश में नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ के दौरान आपने (मुख्यमंत्री) ने कहा था की नई शराब नीति बनाने के पहले सबसे परामर्श करेंगे। उमा भारती ने नई शराब नीति के लिए कुछ सुझाव भी दिए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है कि अहाते पूरी तरह से बंद किए जाएं, क्योंकि यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। महिलाएं भयभीत होती हैं।



शराब पीकर वाहन चलाने से यातायात के नियम भी टूटते हैं। उन्होंने शराब की बोतल पर इसकी बुराइयां लिखने का सुझाव भी दिया है। उमा भारती ने शनिवार सुबह शराब नीति को लेकर मुख्यमंत्री से फोन पर भी बात की थी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा था नई शराब नीति तभी घोषित की जाएगी जब सभी से परामर्श हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जोशीमठ (उत्तराखंड) की घटना से भी वह चिंतित हैं। इसके लिए वहां जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में ऐसी शराब नीति बने कि भाजपा शासित राज्यों के लिए आदर्श बन जाए। राजस्व हानि की चिंता नहीं करें।

## बेटे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर आरआइ से ठगी

### क्रिकेट स्पर्धा में चयन के दौरान हुआ खुलासा

**भोपाल,ईएमएस।** देवास पुलिस के रक्षित निरीक्षक के 13 साल के बेटे का कथित वकील ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया। इसका खुलासा तब हुआ, जब मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र का सत्यापन कराया। ज्ञात हुआ कि नगर निगम भोपाल की तरफ से इस नाम का प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। प्रमाण पत्र में जो नंबर है, वह किसी बालिका के नाम का है। आरआइ ने कोहेफिजा पुलिस को शिकायती आवेदन दिया। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपित फरार हो गया है।कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक, जगदीश पाटिल पुलिस लाइन देवास में रक्षित निरीक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को आवेदन दिया था। उसमें बताया कि मेरे 13 साल के बेटे पवित्र उर्फ माही पाटिल का मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में 13 वर्षीय बालक का जूनियर वर्ग अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन होना था। उसके लिए जन्म प्रमाण पत्र जमा कराना था। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन?होंने विनायक होम्स अशोका गार्डन में रहने वाले अपने साले गणेश खातरकर से बोला था। विनायक ने इसके लिए कलेक?टोरेट भोपाल में खुद को वकील बताने वाले रवीन्द्र गुप्ता से संम्पर्क किया। वकील के कहने पर गणेश ने भांजे के जरूरी दस्तावेज दिए। इसके साथ ही शासकीय शुल्क के साथ उसकी फीस का भी भुगतान किया। थो? दिन बाद वकील गुप्ता ने उन्हें भांजे का जन्म प्रमाण पत्र दे दिया। जिसे आरआइ ने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में जमा करा दिया था। पांच मई 2022 को एसोसिएशन की तरफ से प्रमाण पत्र नकली होने की जानकारी पाटिल को मिली। इसके बाद उनके साले ने वकील रविन्द्र से मिलकर जन्म प्रमाण पत्र के संदिग्ध होने एवं रजिस्ट्रेशन नहीं होने के बारे में जानकारी दी। इस पर वकील ने कहा कि प्रमाण पत्र सही है। नगर निगम का भवन स्थानांतरित होने से रिकार्ड अभी अपडेट नहीं हुआ है। जल्द ही प्रमाण पत्र का रिकार्ड अपडेट कराकर दे दूंगा। वकील ने झांसा दिया कि आप नगर निगम कार्यालय मे रिकार्ड चेक करा लो। छह मई 2022 को आरआइ पाटिल ने अपने मित्र प्रदीप कुमार को नगर निगम भेजा।

## मप्र पुलिस के ई-विवेचना एप में 24 हजार से ज्यादा प्रकरणों की डायरी

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस के च्ई-विवेचना एपज्को चडिजिटल इंडिया अवार्ड 2022ज के च डिजिटल इनिशिएटिव एट ग्रासरूट लेवलज कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार (प्लैटिनम अवार्ड) मिला है। दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो के एडीजी चंचल शेखर को यह पुरस्कार दिया। इस दौरान एआइजी हेमंत चौहान, एआइजी प्रांजलि शुक्ला, निरीक्षक इंद्रा नामदेव और प्रधान आरक्षक सुरेंद्र रघुवंशी भी मौजूद थे। इस एप के माध्यम से 24 हजार से ज्यादा प्रकरणों की केस डायरी संधारित की जा चुकी है। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी लगन और मेहनत का प्रतिफल है।




एडीजी चंचल शेखर ने बताया कि सीसीटीएनएस (क्राइम एवं क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम) के माध्यम से थानों का कार्य डिजिटल हुआ है। स्मार्ट ( सेंसिटिव, मोबाइल, अलर्ट, रिलायबल और टेक सेवी) पुलिसिंग के तहत मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा मैदानी स्तर पर पुलिसकर्मियों को डिजिटल टूल के रूप में ई- विवेचना एप विकसित कर उपलब्ध कराया गया है। विवेचक टैबलेट की सहायता से मौके पर ही वास्तविक समय में विवेचना कर सकते हैं, जिससे अपराध की विवेचना में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता आई है। इस एप की मदद से विवेचक घटनास्थल का विवरण जैसे- फोटो, वीडियो, गवाहों के बयान, घटनास्थल के वास्तविक निर्देशांक और केस डायरी की जानकारी सीधे सीसीटीएनएस में भर सकते हैं।

# धान की सरकारी खरीद में फिर फर्जीबाड़ा, भूसे की हो रही थी तौल हुई कार्रवाई

## वायरल वीडियों के बाद हरकत में प्रशासन, लगभग 35 हजार बोरिया सील





**देवरीकलाँ।** केसली के मण्डी परिसर स्थित समर्थन मूल्य धान खरीद केन्द्र पर धांधली कर धान की जगह भूसे की तौल किये जाने का वीडियों वायरल होने के बाद प्रशासन द्वारा पंचनामा कार्रवाई की गई है। अधिकारियो की आमद का आभास पाकर फर्जीबाड़ें के कर्ताधर्ता रफूचक्कर हो गये कार्रवाई में खरीद केन्द्र पर रखी लगभग 35 हजार बोरियों को सील किया गया है। उक्त वीडियों पत्रकार द्वारा बनाकर अपने फेसबुक पर अपलोड किया गया था जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया।

### क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार केसली मण्डी परिसर में दिगम्बर स्व सहायता समूह द्वारा सरकारी समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जा रही है। शनिवार दोपहर फेसबुक एवं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में केन्द्र पर धान की जगह बोरियों में भूसे की तौल एवं पैकिंग की बात सामने आई थी। उक्त वीडियों केसली के पत्रकार अनिरूद्ध सिंह द्वारा अपलोड किया गया था, जिसके बाद मचे हड़कंप के बाद प्रशासन हरकत में आया और तहसीदार एवं खाद्य निरीक्षक सहित अमले ने पंचनामा कार्रवाई की। इस दौरान खरीद केन्द्र के आपरेटर एवं कर्ताधर्ता भाग खड़े हुए, प्रशाासन द्वारा की गई रेन्डम सेम्पलिंग में खरीद केन्द्र पर रखी बोरियों में धान के भूसे का अपमिश्रण पाया गया, उक्त बोरियों की तौल भी 50 किलोग्राम की जगह सिर्फ 15 से 20 किलोग्राम पाई गई। मामले में तहसीलदार कैलाश कुर्मी एवं खाद्य निरीक्षक पलक खरे ने पंचनामा कार्रवाई कर उक्त अमानक धान को सील किया गया है। अधिकारियों द्वारा पूरी खरीदी की जांच के बाद कार्रवाई की बात की जा रही है। खरीद केन्द्र द्वारा पूर्व में की गई खरीद में भी फर्जीबाड़ें की आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले में अधिकारियों द्वारा मामले के प्रतिवेदन एवं पंचनामा को वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे जाने बात की गई है।

### सरकारी खरीद में हो रहेफर्जीबाड़ों पर लगाम नही

समर्थन मूल्य सरकारी खरीद में फर्जीबाड़ें का यह पहला मामला नही है, राजनैतिक संरक्षण और विभाग के अधिकारियों की सरपरस्ती में चल रहे इस खुले खेल में कई अपराध भी दर्ज हो चुके है। विगत वर्षो पर नजर डाले तो देवरी मण्डी में भावान्तर प्याज खरीदी घोटाले का मामला हो या महारापुर थाने में दर्ज धान खरीद के फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले हो या फिर देवरी थाने में दर्ज धान खरीद का प्रकरण हो लगातार धांधली उजागर होने के बाद भी खरीद प्रक्रिया में फैली विसंगतियों को दूर कर पारदर्शिता स्थापित नही हो सकी है। हर वर्ष देवरी एवं केसली विकासखण्ड में उपज के विपरीत बड़ी संख्या में धान खरीद के सेन्टर स्वीकृत किये जाते है जिन पर व्यापारियों एवं बिचैलियों द्वारा बाहर से लाई हुई धान का विक्रय कर शासन को बड़ी चपत लगाई जाती है। परंतु पूरे मामले में निगरानी कर्ता और विभाग के जिम्मेदार चुप्पी साधे रहते है। कृषि लाभ का धंधा बने और किसानों को उनकी मेहनत के मुताबिक पैसा मिले यह बात अमूमन प्रदेश के मुखिया हर मंच से करते है, पर क्या कारण है सरकारी खरीद में हर बार फर्जीबाड़ा होता है और शासन द्वारा किसानों को दी जाने वाली सहायता भृष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। क्षेत्र में एक के बाद एक फर्जीबाड़ा उजागर होने के बाद भी उन पर विराम नही लग सका है। क्षेत्र में मकड़जाल की तरह फैल चुके भृष्टाचार के इस उद्योग पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है।

### इनका कहना है

मामले में खाद्य निरीक्षक पलक खरे का कहना है कि मामला गंभीर है, खरीद केन्द्र पर संचालक एवं आपरेटर दोनो उपस्थित नही थे, इसलिए खरीद केन्द्र की बोरियों की रेन्डम सेम्पिलिंग की गई थी जिसमें अमानक धान पाई गई है, बोरियों में भूसे का अपमिश्रण पाया गया है। तौल करने में काफी वक्त लगेगा, मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को प्राथमिक जांच रिर्पोट दी जा रही है।

क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव का कहना है कि जिस प्रकार से खरीदी केन्द्र में भृष्टाचार कर अमानक खरीदी का मामला आया है गंभीर है, मामले में प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे, खरीद केन्द्रों पर किसानों को परेशान किया जाता है, पैसे की मांग की जाती है ऐसे मामलों को प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए। पूर्व में भृष्टाचार और गड़बड़ी के मामले सामने आ चुके है जो व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते है।

# कड़कड़ाती ठंडी में राय परिवार ने गरीबों को बांटे कंबल



**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया के ग्राम पंचायत घाना में शुक्रवार को राय परिवार द्वारा गरीबों को सैकड़ों कंबल वितरित किए गए। जिसमें गुरु प्रसाद राय ने बताया कि पिता स्वर्गीय चेतराम राय के पुण्यतिथि के अवसर पर एवं स्वर्गीय माता इंद्र बाई राय के आशीर्वाद से विगत 15 वर्षो से गरीब, असहाय एवं नेत्रहीन को कम्मल वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया की इस दौरान विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसके बाद भंडारी के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया इस दौरान सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जबलपुर सहित तीनों मंडलों में अवैध ई-टिकट बनाने वाले दलालों पर आरपीएफ ताबड़तोड़ कार्रवाई

**जबलपुर यशभारत।** रेल सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत रूप से रेल टिकट बनाने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन उपलब्ध अभियान के तहत कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में अपराध खुफिया शाखा जबलपुर के निर्देशन पर जबलपुर मण्डल में आउट पोस्ट मैहर एवं भोपाल मंडल में पोस्ट भोपाल में आरपीएफ द्वारा कार्यवाही करते हुए 129 ई-टिकट की कीमत रूपये 1,87,424/- जब्त किया गया। जबलपुर मण्डल प्रभारी अपराध खुफिया शाखा जबलपुर के निर्देशन में अपराध खुफिया शाखा जबलपुर की टीम के सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल द्विवेदी, प्रधान आरक्षक गजेंद्र प्रसाद गौतम, आरक्षक अंसार अहमद मंसूरी, मैहर पोस्ट से आरक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा के साथ संयुक्त रूप से रेलवे की ई-टिकिटों का अवैध करोबार करने वालो की निगरानी के दौरान कटनी रोड मैहर में सुप्रिया एम पी आनलाइन की दुकान से पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर ई टिकटों का वाणिज्यिक कारोबार की मुखबिर खास की सूचना पर पहुंचे, जहां पर दुकान संचालक अक्षय कुशवाहा, निवासी-हरदुआ कला थाना मैहर, जिला सतना, मध्य प्रदेश के कंप्यूटर सिस्टम को चेक करने पर उसमें पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर ई टिकट का कारोबार पाया गया। जिसमें एक लाइव ई टिकट कीमत रूपये 112/- तथा 51 उपयोग की जा चुकी टिकट जिनकी कीमत रूपये 25462/- सहित कुल 52 ई टिकटों की कीमत रूपये 25574/- तथा एक सीपीयू जप्ती पत्र के तहत जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु आरपीएफ पोस्ट मैहर को सुपुर्द किया गया इसी तरह से भोपाल मण्डल मुख्यालय से प्राप्त निर्देशन पर आईआरसीटीसी की संदिग्ध पर्सनल यूजर आईडी को वेरीफाई करने हेतु उपनिरीक्षक संध्या चौधरी, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार अपने स्टाफ के साथ यूजर आईडी में दर्शित पते पिपलानी भोपाल क्षेत्र में पहुंचे और उक्त आईडी पर दर्शित मोबाईल नंबर पर सम्पर्क किया। जिसने अपना नाम शोभित जैन तथा पर्सनल यूजर आईडी के बारे में पूछा तो उसने पर्सनल यूजर आईडी अपनी होना बताया तथा अपनी दुकान का पता जैन ब्रदर्स, शॉप नं. 04 पलक अपार्टमेन्ट सेक्टर-बी सोनागिरी, भेल भोपाल बताया। इसके साथ ही मुख्यालय से प्राप्त पर्सनल यूजर आईडी-डक111399 को दिखाया तो उक्त पर्सनल यूजर आईडी अपनी होना बताया तथा इसके अलावा वह उक्त दुकान से रेलवे आरक्षण का कार्य व रेलवे आरक्षण हेतु अपने पास अधिकृत ऐजेन्ट तथा आईआरसीटीसी की 02 पर्सनल यूजर का उपयोग कर ग्राहकों की मांग पर रेलवे की आरक्षित ई टिकटों को बनाया कि जानकारी दी तथा उक्त 03 पर्सनल यूजर आईडीयो के माध्यम से 02 नग लाईव रेल ई टिकट किमत 4246 रूपये व 38 नग यूज्ड रेल ई टिकटो की कीमत 87030/- रू सहित कुल 40 ई टिकट कीमत 91,277/- रूपये कि थी। आरपीएफ ने कुल 40 नग रेल ई टिकट कीमत 91,277/- रूपये एवं एक नग सीपीयू को गवाहों के समक्ष जप्ती पत्र के साथ कब्जे में लिया गया।

# बेहतर कार्य करने परएलएनटी टीम को सीएमओ ने दिया अवार्ड



**जबलपुर यश भारत।** नेशनल हाईवे 30 पर सड़क दुर्घटनाओं के मामले में एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल तक पहुंचा कर उनकी जान बचाने वाली एलएनटी टीम मौके पर पहुंचती है जिसको लेकर मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएमओ द्वारा बेहतर कार्य करने पर अवार्ड दिया गया उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे 30 पर सड़क दुर्घटना के मामले में एंबुलेंस की मदद से घायलों को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए कई लोगों की जान बचाता है और घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध होता है।

# बनने के तत्काल बाद से उखड़ने लगी प्रधानमंत्री सड़क





**तेंदूखेड़ा यशभारत।** इन दिनों जगह-जगह विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य जारी है। संबंधित ठेकेदारों द्वारा पेटी पर काम देकर गुणवत्ता को नजर अंदाज किया जा रहा है। इसी तरह का एक मामला तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत देखने में मिला है। जहां बिलथारी से गंगई के बीच लगभग 5 कि.मी. ऐरिया में बनाई जा रही प्रधानमंत्री सड़क बनने के साथ जहां तहां से गिट्टी उखड़ने लगी है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों से भी की गई थी। लेकिन इन अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों की सुने समझे और गुणवत्ता को देखे बगैर ही ग्रामीणों पर आग बबूला होते नजर आये थे। जैसे-तैसे काम तो प्रारंभ हो गया, लेकिन सड़क जहां तहां से उखड़ने लगी। विगत दिवस कलेक्टर के सभाकक्ष में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा निर्मित सड़कों का एस.डी.एम. एवं तहसीलदारों को निरीक्षण बाबत् दिये गये निर्देश के अनुसार जब मौके पर तहसीलदार तेंदूखेड़ा श्रीमति नीता कोरी पहुंची उन्होंने जमीनी हकीकत देखते हुये आपत्ति जाहिर कर वस्तुस्थिति संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों तक भिजवाई जा रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई से बिलथारी तक प्रधानमंत्री सड़क बनाई जा रही है इस सड़क को लेकर पहले अतिक्रमण की समस्या सामने आई थी। ग्रामीणों के द्वारा सड़क बनने को लेकर गांव के भीतर से बनाने के लिये सांसद महोदय से निवेदन भी किया गया था तथा ग्रामीणों द्वारा सामने तरफसे अपने अपने अतिक्रमण हटाते हुये सड़क बनने के लिये रास्ता साफभी कर दिया था। लेकिन बाद में संबंधित ठेकेदार द्वारा गांव के बाहर से ही सड़क बनाना प्रारंभ कर दिया गांव के सरपंच जब संबंधित ठेकेदार से चर्चा करने पहुंचे तो काफी हाट टॉक और बाद विवाद की स्थिति बनी थी। यहां तक कि मौके पर पहुंचे प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों की हॉट टॉक और अभद्रतापूर्ण व्यवहार ग्रामीणों को रोष नहीं आया था। वर्तमान में जो सड़क बनाई जा रही है उसमें गिट्टी के ऊपर डामल डालकर निर्माण प्रारंभ कर दिया था। कहीं कहीं तो यह स्थिति भी देखने में आई थी कि गिट्टी और बजरी डालम में मिक्कर कर जहां तहां डाल दिये गये थे। कहीं कहीं निर्माण के दौरान गढ्डे स्पष्ट दिखाई देने लगे थे। वहां पर स्पष्ट थिगड़े समझ में आ रहे थे। लेकिन इन्हें छिपाने के लिये ऊपर से डालम का मिक्कर बनाकर गिट्टी भर दी गई है। निश्चित तौर पर यह सड़क ज्यादा दिनों तक नहीं चलने वाली है। भामा से बिलथारी तक जाने के लिये तो एक अलग सड़क बन चुकी है। लेकिन बिलथारी से गंगई के बीच बन रही यह सड़क टेकापार से गंगई होकर बिलथारी जाने के लिये लोगों के लिये कम दूरी और समय में बिलथारी तक आने जाने में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से एक बार फिर मांग की है कि इस सड़क की गुणवत्ता को देखने हुये पुन: नये तरीके से इसका काम कराया जाये। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी न हो और सड़क कुछ समय तक चल सके।

# जनाभियान परिषद् टीम का चल रहा प्रशिक्षण

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** कान्हा शांति वनम हैदराबाद में म. प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड चावरपाठा टीम प्रशिक्षण ले रही है। आओ बनाए अपना म.प्र.के अंतर्गत हार्टफुलनेस एजुकेशन कान्हा शांति वनम हैदराबाद में विगत 2 जनवरी से 06 जनवरी तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा, विकासखंड समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, सहित सभी मेंटर्स, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सहित कुल 13 सदस्यों का दल कान्हा शान्ति वनम, हैदराबाद में महानिदेशक बी. आर. नायडू के नेतृत्व में सुश्री सुनीता गुप्ता टास्क मैनेजर, रवि वर्मन संभाग समन्वयक के संरक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। जिसमें योग, ध्यान, प्रार्थना, हार्टफुलनेस शांति वनम की जानकारी, हार्टफुलनेस एजुकेशन, आत्म निर्भर भारत, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, नशामुक्ति, मानसिक विकलांगता, नर्सरी निर्माण जैसे विषयों का विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी के साथ प्रशिक्षण दिया गया बाद में सभी प्रशिक्षणार्थियों प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गये।

# भोपाल में हुआ गुड़ एवं दाल मेला का शुभारंभ

**नरसिंहपुर यशभारत।** भोपाल हाट बाजार में तीन दिवसीय गुड़ एवं दाल मेला का शुभारंभ अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल ने किया। नरसिंहपुर जिले के करेली गुड़ एवं गाडरवारा दाल को विक्रय के लिए इस मेले में रखा गया है। यह मेला 6 से 8 जनवरी तक लगाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व डायरेक्टर डा. एके तिवारी, संयुक्त संचालक कृषि भोपाल बीएल बिलैया, उप संचालक कृषि भोपाल श्रीमती सुमन प्रसाद एवं प्रभारी उप संचालक कृषि डॉ. आरएन पटैल मौजूद थे। भोपाल हाट में जिले के गुड़ एवं तुअर दाल उत्पादक किसानों, एफपीओ और महिला स्वसहायता समूह द्वारा 25 स्टाल लगाये गये हैं। साथ ही बालाघाट जिले के चिनौर चावल और मंडला जिले के मिलेट उत्पादों के स्टाल भी विक्रय के लिए लगाये गये हैं। एक जिला एक उत्पाद के तहत भारत सरकार द्वारा जिले के गुड़ एवं उसके उत्पाद और मप्र सरकार द्वारा गाडरवारा तुअर दाल का चयन किया गया है। करेली गुड़ एवं गाडरवारा की तुअर दाल की ब्रांडिंग नर्मदा नेचुरल्स के नाम से की जा रही है। दोनों उत्पादों की पैकेजिंग में एकरूपता रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उक्त मेले का आयोजन किया गया है। गुड़ एवं दाल मेला में अपर मुख्य सचिव ने भ्रमण कर उत्पादों की जानकारी ली और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कृषकों, एफपीओ एवं स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित किया।

### 18 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

मप्र खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड नरसिंहपुर में दुकानविहीन 14 ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न की जायेगी। विकासखंड नरसिंहपुर में 14 दुकान विहीन ग्राम पंचायतों घाटपिपरिया, डोंगरगांव नर्मदा, गरारू, चौराखेड़ा, कल्यानपुर, रातामाटी, मेहगांव, बाबरिया, इमलिया, रौंसरा, गुडवारा, डांगीढाना, खुरपा व भरवारा में नवीन उचित मूल्य दुकान आवंटित की जाना है।

# द्वारका की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 13 तक आमंत्रित

**नरसिंहपुर यशभारत।** मप्र शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारका की तीर्थ यात्रा के लिए ट्रेन 24 जनवरी को नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगीए जबकि वापसी 29 जनवरी को होगी। इस ट्रेन से जिले के 250 तीर्थ यात्री द्वारका जायेंगे। इस तीर्थ यात्रा में जाने के लिए आवेदक निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन फार्म 13 जनवरी तक संबंधित तहसील कार्यालय, नगरीय निकाय कार्यालय व जनपद पंचायत के कार्यालय में समग्र आईडी सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। यात्रा शुरू होने वाले दिन यात्री को स्वयं अपने व्यय से नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन आना होगा। यह जानकारी अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने दी है। तीर्थ यात्रियों से अपेक्षा की गई है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री, कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, दाड़ी बनाने का सामान आदि साथ में रखें। यात्रियों को वापसी में नरसिंहपुर स्टेशन पर ही उतरना होगा।

# पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास पखवाड़ा का आयोजन 15 तक

**नरसिंहपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक से 15 जनवरी तक आवास पखवाड़ा का विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस दौरान जिन ग्राम पंचायतों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपूर्ण आवासों की संख्या अधिक है, वहां आवास पूर्ण कराने के लिए कार्य योजना तैयार कर कार्य को गति दी जा रही है। इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। आवास निर्माण के कार्य में प्रगति लाने और कार्यों का निरीक्षण करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.सौरभ संजय सोनवणे प्रतिदिन 5 से 6 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में डॉ. सोनवणे ने जनपद पंचायत चीचली के ग्राम खड़ई, सिल्हैटी, निभौरा एवं भैरोपुर का भ्रमण कर आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संवेदीकरण पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर यशभारत।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस भोपाल द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के वैज्ञानिक फालेन्द्र कुमार व राहुल कुमार ने विभाग से संबधित विशिष्ट मानकों, मानक निर्माण, उत्पाद प्रमाणन, हॉल मार्किंग और अनिवार्य पंजीकरण योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्राहकों के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पाद लाने में बीआईएस के प्रयासों के बारे में बताया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुखों को मानक उत्पादों की गुणवत्ता जांच और बाजार में अमानक उत्पादकों को नियंत्रित करने के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना है। उन्होंने आईएसआई मार्क और हॉल मार्क के बारे में भी बताया। इस अवसर पर वैज्ञानिक सी उपनिदेशक राहुल कुमार ने ब्यूरो की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा डंदांवदसपदम पोर्टल पर अपने मानक को जानें का प्रदर्शन किया। इसके माध्यम से मानक को आसानी से खोजा जा सकता है। इसे नि:शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने आईएसआई मार्क वाले उत्पादों और हॉलमार्क वाले आभूषणों की प्रामाणिकता की जांच करने के लिए बीआईएस केयर एप का प्रदर्शन भी किया। इस पर शिकायत भी दर्ज की जा सकती है। उन्होने बीआईएस केयर एप के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीआईएस को शुरू में भारतीय मानक संस्थान के रूप में जाना जाता था। वर्ष 1986 में इसका नाम बदल कर भारतीय मानक ब्यूरो कर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि प्रशिक्षण में दी गई जानकारी के आधार पर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें, ताकि आईएसआई मार्क उत्पाद को य सुनिश्चित हो सके।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूल, छात्रावास का निरीक्षण

**नरसिंहपुर यशभारत।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने ग्राम सिंहपुर, भैंसापाला, आलौद, गोरखपुर, सिंगौड़ी, गौरछापर, बरपानी, ऊसरी, मुंगवानी, पिपरिया, खमरिया का भ्रमण किया और ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूल व छात्रावास का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने सिंहपुरबड़ा में चौकसे वेयर हाऊस में बनाये गये धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थायें देखी। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों का भुगतान समय पर हो। उन्होंने अब तक खरीदी गई धान एवं मिलिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निरीक्षण किया और निर्देश दिये कि डामरीकरण का कार्य उच्च्च गुणवत्तायुक्त हो। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुरबड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव केन्द्र, गार्डन एवं पार्किंग से संबंधित व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी इसी तरह से आदर्श रूप में विकसित किया जाये। उन्होंने यहां दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी की रिपोर्ट मिलने में लगने वाले समय, टीकाकरण, कोल्ड चैन आदि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने भैंसापाला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के परिणाम के बारे में जानकारी ली।



शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत हो। कलेक्टर ने बरपानी में भ्रमण के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के बारे में जानकारी ली और ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने शेष आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश दिये। सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि नलजल योजना के तहत जिन घरों में नल कनेक्शन नहीं हुये हैं, वहां नल कनेक्शन करवायें, जिससे घर. घर तक जल पहुंचे। जल कर की वसूली भी समय पर की जाये। उन्होंने कहा कि लोगों को बिजली बिल समय पर मिले। ग्राम पंचायत ऊसरी में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से नलजल योजना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यहां पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि एक माह के भीतर नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो जाये, जिससे लोगों के घरों तक पेयजल उपलब्धता हो सके। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि सिंगौड़ी में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए रेत की समस्या नहीं हो। ग्रामीणों ने यहां तालाब निर्माण कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तालाब के लिए स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने गौरछापर में स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित सरोवर में उनके द्वारा मछली पालन कर आय सृजन किया जा रहा है। इसके अलावा जल संरक्षण के लिये यहां उपलब्ध उपयुक्त भूमि पर गैबियन स्ट्रक्चर बनाने पर उन्होंने जोर दिया। तत्पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत आलौद का भ्रमण किया। उन्होंने यहां स्टाप डेम का अवलोकन किया। ग्राम रोजगार सहायक ने बताया कि इस स्टाप डेम में पूरे वर्ष जल भरा रहता है। इससे कृषक अपनी फसलों में सिंचाई भी करते हैं। कलेक्टर ने नालों के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण पर जोर दिया। इसमें मनरेगा के तहत श्रमिकों को शामिल करने की बात कही। कलेक्टर ने गोरखपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सिकिल सेल से ग्रस्त व्यक्तियों के उपचार, अनमोल एप, दवाईयों की उपलब्धताए मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल, आयुष्मान कार्ड की प्रगति आदि के बारे में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने खमरिया में नलजल योजना के कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत पिपरिया में तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मुंगवानी में शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यहां मौजूद छात्रों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों से हीटर, भोजन की गुणवत्ता, किताबों एवं खेल सामग्री की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात वे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगवानी पहुंची। यहां उन्होंने कार्यरत स्टाफ एवं दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। महिला भर्ती कक्ष में गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आऊटसोर्स से व्यवस्था के लिए कहा।

# युजी ने चूमा सूर्या का हाथ, तो त्रिपाठी ने लगाया गले सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया का सेलिब्रेशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे टी-20 मैच को 91 रनों से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही भारत ने 2-1 से सीरीज पर कब्जा भी किया। बता दें कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत ने तीसरी टी-20 सीरीज जीत ली है। सोशल मीडिया पर टीम की जीत का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सीरीज जीतने के बाद सभी खिलाड़ी जश्न मनाते हुए नजर आए। कप्तान हार्दिक ने ट्रॉफी जीतने के बाद पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की सालों पुरानी परंपरा को कायम रखा और ये ट्रॉफी तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को थमाई। दरअसल, भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत को 2-1 से जीत हासिल हुई। उन्होंने सीरीज की ट्रॉफी जीतने के बाद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को थमाई। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि ट्रॉफी लेने के बाद मुकेश काफी खुश नजर आए, हालांकि उन्हें सीरीज में खेलने का मौक नहीं मिला हो, लेकिन उन्होंने ट्रॉफी पकड़ने के बाद उसे हवा में उठाया और पूरी टीम के साथ जीत का जश्न मनाया। इस दौरान शिवम मावी और राहुल त्रिपाठी भी ट्रॉफी को पकड़ते हुए काफी खुश दिखें। वहीं सूर्यकुमार यादव जीत के बाद मैदान पर सभी खिलाड़ियों से गले मिलते हुए नजर आए। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सूर्या का हाथ भी चुमा जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बता दें कि राहुल त्रिपाठी और शिवम मावी दोनों ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में भारत के लिए डेब्यू किया था। इस जीत में सबसे अहम योगदान सूर्यकुमार यादव का रहा, जिन्होंने तीसरे टी-20 मैच में शानदार शतकीय पारी खेली। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

# इस साल 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद : नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा की एथलेटिक प्रतिभा ने हाल ही में प्रतिष्ठित माइकल जॉनसन को भी हैरत में डाल दिया। अब नीरज चोपड़ा ने नए साल में खुद के लिए 90 मीटर तक भाला फेंकने का लक्ष्य रखा है। टोक्यो में ऐतिहासिक स्वर्ण के बाद, 24 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन जेवलिन थ्रोअर ने डायमंड लीग फाइनल्स स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद, नीरज चोपड़ा से जादुई आंकड़ा 90 मीटर अभी भी दूर है। फिलहाल नीरज चोपड़ा इंग्लैंड में जेवलिन थ्रोअर की प्रैक्टिस कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा ने इंग्लैंड से एक वीडियो के जरिए पीटीआई से बातचीत में कहा, इस नए साल में मुझे उम्मीद है कि मैं इस सवाल का जवाब ढूंढ लूंगा।÷ उन्होंने प्रतिष्ठित डायमंड लीग के स्टॉकहोम लेग में दूसरे स्थान पर रहते हुए 89.94 मीटर थ्रो किया था। नीजर चोपड़ा ने कहा, मैं 90 मीटर थ्रो कर सकता था अगर मैं अपना पैर कुछ सेंटीमीटर आगे कर देता। लेकिन एक एथलीट के लिए एक जादुई निशान है। जब भी आप किसी शीर्ष एथलीट के बारे में बात करते हैं तो हम सभी कहते हैं कि उसने 90 मीटर थ्रो किया। नीरज ने आगे कहा, मैं उम्मीदों के दबाव के बारे में परेशान नहीं हूं। यह तब होगा, जब इसे करना होगा। यह पिछले साल या कुछ साल पहले हो सकता था, लेकिन शायद भगवान ने इसके लिए एक सही समय और स्थान तय कर रखा है। मैं मुख्य रूप से कंधे की ताकत अभ्यास कर रहा हूं। मैं लगभग 1.8-2 किलो की भारी गेंदें भी फेंक रहा हूं। बता दे कि घायल नीरज चोपड़ा चोट के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले सके थे। चोपड़ा का मानना है कि भारतीय एथलेटिक्स आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि आगे और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेंगे।

### 51 साल में पहली बार वर्ल्ड कप 2 शहरों में

# ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की घोषणा- वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को दिए जाएंगे 1-1 करोड़ रुपये



**भुवनेश्वर, ईएमएस।** दुनियाभर के 288 सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी 13 जनवरी से ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में टर्फ पर अपना जौहर दिखाएंगे। 15वें हॉकी वर्ल्ड कप के लिए ये दोनों शहर पूरी तरह से तैयार हैं और 16 टीमों की मेजबानी करेंगे। पहली बार वर्ल्ड कप दो शहरों में होगा। 29 जनवरी तक होने वाले वर्ल्ड कप के 44 मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम सिर्फ एक बार 1975 में वर्ल्ड चैम्पियन बन सकी है। 2018 में पिछला वर्ल्ड कप भी भारत में खेला गया था, तब बेल्जियम विजेता बना था। भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपना अभियान 13 जनवरी को स्पेन के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद टीम 15 जनवरी को इंग्लैंड और 19 जनवरी को वेल्स से भिड़ेगी। वही ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि अगर भारतीय टीम इस बार वर्ल्ड कप अपने नाम करने में सफल होती है, तो प्रत्येक खिलाड़ी को ओडिशा सरकार 1-1 करोड़ रुपए देगी।

### टीमों को 4 ग्रुप में बांटा, हर ग्रुप से टॉप टीम क्वार्टर फाइनल में

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहीं 16 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में 4-4 टीमें हैं। ग्रुप की टॉप टीम सीधे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीमें दूसरे ग्रुप की दूसरे और तीसरे नंबर की टीमों से क्रॉसओवर मैच खेलेंगी। विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। क्रॉसओवर, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल, तीसरे-चौथे स्थान का मुकाबला और फाइनल मुकाबला कलिंगा स्टेडियम में होगा।

### सबसे सफल टीम पाकिस्तान क्वालिफाई ही नहीं कर सकी

हॉकी वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम पाकिस्तान है, जो चार बार चैम्पियन और दो बार रनरअप रही है। लेकिन टीम इस बार क्वालिफाई ही नहीं कर सकी। पाकिस्तान को छोड़कर बाकी सभी हॉकी खेलने वाले एशियन देश वर्ल्ड कप में नजर आएंगे।

### भारत के पास क्वालिटी प्लेयर, जिता सकते हैं ट्रॉफी

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की कहते हैं, 'भारतीय टीम में क्वालिटी प्लेयर हैं, जो देश को खिताब दिला सकते हैं। टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। हाल के सालों में टीम ने जैसा प्रदर्शन किया है, उससे सभी खुश हैं। मुझे विश्वास है कि वे वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

### खेलगांव में प्रैक्टिस एरिना ; हाइड्रोथैरेपी व स्विमिंग पूल भी

खिलाड़ियों के रुकने के लिए खेलगांव बनाया है, जहां पर प्रैक्टिस एरिना भी है। सीनियर अधिकारी कहते हैं- यहां अत्याधुनिक उपकरणों वाले जिम के साथ-साथ हाइड्रोथैरेपी और स्विमिंग पूल भी है। इस बीच, ओडिशा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वर्ल्ड कप के दौरान राउरकेला को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अस्थाई रूप से फैक्टरी बंद करने के लिए तैयार है।

# सर्दी में बाइक चलाते नजर आए आयुष्मान खुराना

### वीडियो शेयर कर कहा- बस जी लेना चाहता हूं

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह चंडीगढ़ की सड़कों पर जबरदस्त ठंड में डुकाटी बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में आयुष्मान एक कविता भी सुना रहे हैं जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। वीडियो में आयुष्मान सड़क किनारे चाय की चुस्की लेते और देसी बर्गर खाते हुए भी दिखे। आयुष्मान कहते हैं, सालों बाद घर के बरामदे में एक मोटर साइकिल दिखाई दी है। बरसो बाद अपनी मर्जी से ये जिंदगी फिर से चलाई गई है। बाइक के इंजन के शोर में आस-पास के शोर को खत्म कर देना चाहता हूं। कौन सा साल आ गया याद नहीं, बस जी लेना चाहता हूं। लोग कहते हैं नया साल है कुछ नया करो। अरे मैंने कुछ पुराना किया ही नहीं। क्या रास्तों में मिलोगे आप, जहां मैं जाना चाहता हूं? आप मिल नहीं पाओगे क्योंकि उन रास्तों में कोई पहले गया ही नहीं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं। और साथ ही आयुष्मान को नए साल की जमकर बधाईयां दें रहे हैं।



## आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्में

वर्क फ्रंट की बात करें तो आयुष्मान कुछ दिन पहले फिल्म एन एक्शन हीरो में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने एक सुपरस्टार की भूमिका निभाई थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। अब आयुष्मान खुराना अपनी हिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे भी नजर आएगी। ये मूवी 23 जून, 2023 को सिनेमाघरों मे रिलीज होगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में रोहित-विराट नहीं खेलेंगे

**मुंबई, ईएमएस।** टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज खेलने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत में ही लिमिटेड ओवर की 2 सीरीज खेलेगी। एक सीरीज टी-20 की और एक वनडे फॉर्मेट की होगी। अब खबर आ रही है कि कीवी टीम के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में भी रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे।ये दोनों श्रीलंका के खिलाफ अभी चल रही टी-20 सीरीज में भी नहीं खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी सामने आ रही है।न्यूजीलैंड के साथ पहले 3 वनडे मैचों की सीरीज 18 जनवरी से शुरू होगी। उसके बाद 27 जनवरी से टी-20 सीरीज खेली जाएगी। विराट और रोहित वनडे टीम का हिस्सा तो होंगे लेकिन वे टी-20 मैचों से बाहर रहेंगे। बोर्ड अधिकारी ने नाम सार्वजनिक न किए जाने की शर्त पर कहा कि टी-20 सीरीज के लिए विराट और रोहित के नाम पर चर्चा भी नहीं होगी। मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और आर अश्विन जैसे सीनियर्स खिलाड़ी टी-20 के प्लान से पहले ही बाहर हो चुके हैं।

### वनडे वर्ल्ड कप है पहली प्राथमिकता

दरअसल इस साल भारत में ही अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। हाल ही में BCCI की रिव्यू मीटिंग में वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर कई अहम फैसले किए गए। वनडे वर्ल्ड कप के लिए 20 खिलाड़ियों की सूची तैयार करने की बात कही गई और आगे के मैचों में इन्हीं 20 खिलाड़ियों को आजमाने पर भी फैसला किया गया। हालांकि उस सूची में शामिल 20 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा अब तक नहीं की गई है। पर माना जा रहा है कि रोहित, विराट सहित श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शामिल किए गए सभी खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे।

# पत्नी संगीता से अलग हो रहे सुपरस्टार थलापति विजय!

**23 साल बाद ले रहे तलाक का फैसला, फैंस को हुई स्टार कपल की चिंता**

मुंबई, ईएमएस। सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म वरिसू को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी सोशल मीडिया पर खूब हलचल देखने को मिल रही है। दरअसल, इन दिनों खबरें आ रही हैं कि विजय अपनी पत्नी संगीता से तलाक लेने जा रहे हैं। शादी के 23 साल बाद अलग होने का फैसला ले रहा है।

### ट्रेलर लॉन्च में नहीं दिखीं संगीता

तलाक को लेकर खबर तब आई जब संगीता फिल्म मेकर एटली की पत्नी के बेबी शॉवर से नदारद थीं। इसके बाद उन्हें वरिसू के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर भी नहीं देखा गया, जिससे तलाक की खबरों को हवा मिल गई। हालांकि अभी तक कपल ने तलाक को लेकर अपनी तरफ से कुछ भी नहीं कहा है।

### तलाक की खबर सुन परेशान हुए फैंस

तलाक की खबर सामने आने के बाद से ही विजय के फैंस बेहद परेशान हैं। कई मीडिया चैनल की रिपोर्ट तलाक की खबरों को महज अफवाह बता रहे हैं। पिंकविला के एक सोर्स ने दावा करते हुए कहा- विजय और संगीता के अलग होने की खबरें पूरी तरह से बेसलेस हैं। हमें नहीं पता है कि ये खबरें कहां से शुरू हुई।' मीडिया चैनल ने ये भी दावा किया कि संगीता अपने बच्चों के साथ वेकेशन पर गई हैं, जिस वजह से वो बेबी शॉवर और वीरसू ट्रेलर लॉन्च का हिस्सा नहीं रह पाई। माना जा रहा है कि जल्द ही विजय भी पत्नी और फैमिली के पास वेकेशन मनाने जाएंगे।



### विजय थलपति और संगीता ने 1999 में की थी शादी

बता दें की विजय और संगीता की शादी को करीब 23 साल हो चुके हैं। 25 अगस्त 1999 को कपल शादी के बंधन में बंधे थे। जल्द ही दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया और दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। दोनों ने उस दौर में हिंदू और ईसाई दोनों धर्मों से शादी की थी। 2000 में कपल ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया जिसका नाम जेसन संजय है, वहीं 2005 में उनके घर बेटी का जन्म हुआ।

# पिता ने छोड़ा तो क्लब में डांस करके किया गुजारा

### शत्रुघ्न सिन्हा से ब्रेकअप, 7 साल में पाकिस्तानी क्रिकेटर से भी टूट गई शादी

**मुंबई, ईएमएस।** 70 और 80 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाली रीना रॉय का शनिवार को 66वां बर्थडे था। उन्होंने 5 दशक के करियर में करीब 100 फिल्मों में काम किया है। लेकिन इतने लंबे करियर के बावजूद उन्हें सिर्फ एक फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। रीना रॉय की पर्सनल लाइफ भी उतार-चढ़ाव भरी रही। छोटी थीं तो मां-बाप का तलाक हो गया। घर की माली हालत ठीक नहीं थी तो रीना ने क्लब में डांस किया। फिल्मों में आई तो 11 साल बड़े शत्रुघ्न सिन्हा से अफेयर रहा लेकिन 7 साल में ही दोनों का रिश्ता टूट गया। इसके बाद उन्होंने जैसे-तैसे खुद को संभाला और कुछ समय बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से शादी कर ली। हालांकि उनकी शादीशुदा जिंदगी भी उनकी कुछ खास नहीं रही। नतीजतन 7 साल बाद ही इस रिश्ते से भी अलगाव हो गया। फिर पति से बेटी की कस्टडी के लिए उन्होंने बहुत पापड़ बेले। इन सबके बाद उन्होंने फिल्मों में दोबारा वापसी करनी चाही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी तो बॉलीवुड से दूरी बना ली।

### कम उम्र में मां-बाप का तलाक देखा

रीना रॉय का जन्म 7 जनवरी 1957 को स्ट्रगलिंग एक्टर सादिक अली और शारदा रॉय के घर हुआ था। रीना रॉय के 4 भाई-बहन थे। वो बहुत छोटी थीं तभी उनके माता-पिता का तलाक हो गया। इसके बाद रीना समेत सभी बच्चों का देखभाल मां ने की।

### तलाक के बाद मां ने सभी बच्चों का नाम बदलकर हिंदू नाम रख दिया

मां शारदा ने तलाक के बाद सभी बच्चों का नाम बदल दिया। वजह ये थी कि शारदा हिंदू थीं और उनके पति सादिक अली मुस्लिम। वो नहीं चाहती थीं कि तलाक के बाद उनके बच्चे अपने पिता का सरनेम अपने नाम के साथ लगाएं। इसलिए उन्होंने सभी बच्चों का नाम बदल कर हिंदू नाम रख दिया और सभी के नाम के साथ रॉय सरनेम लगा दिया। रीना रॉय का पहले नाम सायरा अली था जिसे मां ने बदलकर रूपा रॉय रख दिया और जब वो फिल्मों में आई तो उनका नाम रीना रॉय हो गया।



### गरीबी की वजह से क्लब में डांस करती थीं लेकिन वहीं से बदली किस्मत

रीना रॉय का बचपन गरीबी में बीता। घर की माली हालत ठीक नहीं थी तो उन्होंने कम उम्र में ही क्लब में डांस करना शुरू कर दिया था। क्लब में डांस करते देख उस समय के फेमस फिल्ममेकर बी.आर. इशारा की उनपर नजर पड़ी और उन्होंने रीना को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया। रीना को काम की सख्त जरुरत थी तो उन्होंने हामी भर दी।

### पैसो के लिए फिल्म जरूरत की तो लोग जरूरत गर्ल कहने लगे

बी.आर. इशारा की फिल्म जरूरत 1972 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कुछ सीन्स ऐसे भी थे जिसके करने के लिए कोई हीरोइन तैयार नहीं थी। वजह ये थी कि सीन्स थोड़े ज्यादा बोल्ड थे। लेकिन रीना को काम और पैसे की जरूरत थी वह इस काम को करने के लिए तैयार हो गई। इसके बाद से कुछ लोग उन्हें जरूरत गर्ल बुलाने लगे। फिर रीना रॉय 1973 में रिलीज हुई फिल्म नई दुनिया नए लोग में नजर आई।

### 11 साल बड़े शत्रुघ्न सिन्हा से रहा अफेयर लेकिन 7 साल में टूट गया रिश्ता

1976 में फिल्म कालीचरण रिलीज हुई। ये फिल्म और साल दोनों ही रीना रॉय के लिए बहुत खास रहे। इस फिल्म में वो 11 साल बड़े शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नजर आई थीं। शूटिंग के दौरान ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और प्यार हो गया। पूरी इंडस्ट्री में दोनों की अफेयर के चर्चे रहे। हालांकि 7 साल बाद उनका रिश्ता टूट गया। खबरें थी कि दोनों जल्दी शादी करेंगे लेकिन अचानक शत्रुघ्न सिन्हा ने पूनम से शादी कर ली।

### पाकिस्तानी क्रिकेटर से की शादी लेकिन उनसे भी 7 साल बाद ले लिया तलाक

शत्रुघ्न सिन्हा की शादी से रीना रॉय को बहुत दुख पहुंचा था लेकिन वो कुछ भी नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्होंने पूरी तरह से ही शत्रुघ्न सिन्हा से दूरी बना ली और कुछ समय बाद 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से शादी कर ली। जिस वक्त दोनों ने शादी की उस समय दोनों का करियर पीक पर था। शादी के बाद रीना पति के साथ पाकिस्तान चली गई। कुछ समय बाद दोनों को एक बेटी हुई जिसका नाम सनम था।

# विवादों से दूर समंदर में सैर करती दिखीं दीपिका पादुकोण

### फिल्म पर जारी कॉन्ट्रोवर्सी से दूर बेपरवाह अंदाज में आई नजर, दिखाया ग्लैमरस अवतार

**मुंबई, एजेंसी।** दीपिका पादुकोण इन दिनों तमाम कॉन्ट्रोवर्सी से दूर पति रणवीर सिंह के साथ समंदर की सैर कर रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए अपने फैंस को न्यू ईयर की बधाई भी दी है। दीपिका ने इस दौरान कहा है कि वो उम्मीद करती हैं कि आने वाले साल में सभी ईमानदारी से आगे बढ़ें। दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान को लेकर इन दिनों काफी ज्यादा विवाद फैला है। फिल्म के गाने बेशरम रंग में दीपिका के ड्रेस को लेकर काफी बवाल मचा है।



### काफी चिल अंदाज में दिखीं दीपिका

दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट की है जिसमें वो समंदर में बोट से घूमती फिर रही हैं। इस दौरान उन्होंने शॉर्ट ड्रेस पहन रखी है। इस दौरान वो काफी चिल और दुनिया से बेपरवाह दिख रही हैं। वीडियो के साथ में उन्होंने कैप्शन भी पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने लिखा है- आने वाले साल में हम आगे बढ़े, ईमानदार के साथ जिए,यही उम्मीद करती हूं। जिन लोगों ने भी मुझे जन्मदिन की शुभकामना दी उन्हें शुक्रिया। आप सभी को नए साल की बहुत शुभकामनाएं।

### बेशरम रंग की वजह से सुर्खियों में हैं दीपिका

दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी फिल्म पठान को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियों में हैं। उनके फीचर्ड गाने बेशरम रंग की वजह से फिल्म के रिलीज को रोकने की बात हो रही है। दरअसल गाने में दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की बिकिनी पहनी है। ऐसे में कई हिंदू संगठनों ने दीपिका के ड्रेस को लेकर आपत्ति जताई है। विरोध करने वालों का कहना है कि भगवा रंग हिंदू धर्म का प्रतीक है और दीपिका इस रंग के कपड़े पहन कर बेशरम रंग के बोल वाले गाने पर डांस कर रही हैं जो कि काफी आपत्तिजनक है। उनका मानना है कि भगवा जैसे पवित्र रंग का प्रयोग बिकिनी के लिए करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि अगर गानें में बदलाव नहीं किया गया तो वो फिल्म को रिलीज नहीं होने देंगे। कई राज्यों में फिल्म के रिलीज को रोकने की भी बात की जा रही है।

### 25 जनवरी को रिलीज होगी पठान

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर पठान 25 जनवरी को पैन इंडिया रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहरुख खान करीब चार साल बाद बतौर लीड वापसी करेंगे। फिल्म के ट्रेलर और गानों में दीपिका पादुकोण का ग्लैमरस अवतार देखने को मिला है। पठान एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है जिसे सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है।

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

प्रवासी भारतीय : अमृत काल में
भारत की विकास यात्रा के विश्वसनीय सहयोगियों का
मध्यप्रदेश में

# हार्दिक स्वागत

# युवा प्रवासी भारतीय दिवस

8 जनवरी, 2023

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर, मध्यप्रदेश

प्रवासी भारतीय दिवस



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## मुख्य आकर्षण

डॉ. एस. जयशंकर, विदेश मंत्री, भारत सरकार द्वारा उद्घाटन उद्बोधन

अनुराग सिंह ठाकुर, केन्द्रीय मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल द्वारा उद्बोधन

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा उद्बोधन

विशिष्ट अतिथि - सुश्री ज़ेनेटा मेस्करैनस, सांसद, ऑस्ट्रेलिया का विशेष उद्बोधन

प्रवासी युवाओं का नई तकनीक एवं नवाचारों में योगदान पर सत्र

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11188